वैशाख कृष्णा - 3 | संवत 2081 | वर्ष - 19 | अंक - 268 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | बेंगलूरु » शुक्रवार » 26-04-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 'डायनासोर' की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ सिंह

6 दूरदर्शन के भगवा रंग से विपक्ष हुआ हलकान !

7 पाक प्रधानमंत्री शहबाज से कारोबारियों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का किया आग्रह



## फर्स्ट टेक

### नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार

**अबुजा/एपी।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश के कारण पड़ोसी शहर सुलेजा में मध्यम-सुरक्षा वाली जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

### एनआईए ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में बृहस्पतिवार को एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। एनआईए ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च, 2023 को लंदन में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशन और उसके अधिकारियों पर हमले करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं।

### यमन तट के पास जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**यरूशलम/एपी।** अदन की खाड़ी में एक जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हमला किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यमन के हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर संभवत: यह हमला किया है। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा कि बृहस्पतिवार तड़के उसके सहयोगी पक्षों के युद्धपोत ने एक दिन पहले उसी क्षेत्र के पास एक जहाज को निशाना बनाकर हूती विद्रोहियों द्वारा छोड़ी गई मिसाइल को नष्ट कर दिया था। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में नौवहन मार्ग पर हूती विद्रोहियों ने लगातार हमले किए हैं। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) सेंटर ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमले में अदन से 25 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में एक जहाज को निशाना बनाया गया। हमले के बारे में निजी सुरक्षा फर्म एंब्रे ने भी सूचना दी है।

# आपको लूटने की कांग्रेस की साजिश के सामने दीवार बनकर खड़ा है मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ मोदी ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो 'विरासत कर' के जरिए लोगों की उनके पूर्वजों द्वारा छोड़ी गई आधी से ज्यादा संपत्ति छीन लेगी।

**मुरैना/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि वह लोगों और उन्हें लूटने की कांग्रेस की योजनाओं के बीच दीवार बनकर खड़े हैं। मध्य प्रदेश के मुरैना शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी मां इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति को सरकार के पास जाने से बचाने के लिए विरासत कर को समाप्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि इससे फायदा उठाने के बाद कांग्रेस अब इसे फिर से देश की जनता पर थोपना चाहती है।

मोदी ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो 'विरासत कर' के जरिए लोगों की उनके पूर्वजों द्वारा छोड़ी गई आधी से ज्यादा संपत्ति छीन लेगी।

राहुल गांधी ने बुधवार को टिप्पणी की थी कि जो लोग खुद को 'देशभक्त' कहते हैं, वे जाति जनगणना के 'एक्स-रे' से डरते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्तियों और कीमती सामानों का 'एक्स-रे' कराकर उनके आभूषण और छोटी बचत को जब्त करना चाहती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने जो पाप किए हैं, उनके बारे में कान खोलकर सुनिए। मैं एक दिलचस्प तथ्य सामने रखना चाहता हूं। जब बहन इंदिरा गांधी का निधन हुआ तो एक कानून था जिसके तहत संपत्ति का आधा हिस्सा सरकार को मिलता था। उस समय ऐसी चर्चाएं थीं कि इंदिराजी ने अपनी संपत्ति अपने बेटे राजीव गांधी के नाम करने की वसीयत की हैं।

मोदी ने कहा, सरकार के पास जाने वाले पैसे को बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर को खत्म कर दिया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इस कर को और अधिक मजबूती से लागू करना चाहती है, क्योंकि उसकी चार पीढ़ियों ने उन्हें दी गई संपत्ति का लाभ उठाया है। उन्होंने धन पुनर्वितरण के मुद्दे पर विवाद के बीच कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी के 'शहजादा' (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के एक सलाहकार ने अब विरासत कर लगाने का सुझाव दिया है।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीटों पर आज मतदान

■ केरल की 20 सीट, कर्नाटक की 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम व बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा।

■ 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम व बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा।

दूसरे चरण में 'आउटर' मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चार सहित कुल 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया।

कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनय से राजनीति में आए अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के



भाई डीके सुरेश (कांग्रेस), कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) प्रमुख उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से लगातार तीसरी जीत की उम्मीद लगाए हुए हैं।

कुल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर पिछले शुक्रवार को हुए पहले चरण के मतदान में लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ।

शुक्रवार को दूसरे चरण के बाद केरल, राजस्थान और त्रिपुरा में चुनाव संपन्न हो जाएंगे। वहीं 19 अप्रैल को पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (पांच), अरुणाचल प्रदेश (दो), मेघालय (दो), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (एक), मिजोरम (एक), नगालैंड (एक), पुडुचेरी (एक), सिक्किम (एक) और लक्षद्वीप (एक) में चुनाव संपन्न हो चुका है। लोकसभा चुनाव 2019 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इन 89 सीट में से 56 और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने 24 सीट पर जीत हासिल की थी। इनमें से छह सीट परिसीमन के बाद सामने आयी हैं।

ईडी ने न्यायालय में कहा

# 'आप' आबकारी घोटाले से संबंधित 'अपराध की आय' की मुख्य लाभार्थी

■ अपराध की आय का एक हिस्सा - लगभग 45 करोड़ रुपए नकद - का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया गया था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न 'अपराध की आय' की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा - लगभग 45 करोड़ रुपए नकद - का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया गया था।

उच्चतम न्यायालय में दायर ईडी के हलफनामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर जवाबी हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है।

## तीन नए सदस्यों ने राज्यसभा की ली सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले तीन नए सदस्यों में छत्तीसगढ़ से देवेंद्र प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश से तेजवीर सिंह और उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट शामिल हैं। सभापति के कार्यालय ने शपथ ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के निर्वाचित सदस्यों को आज संसद भवन में शपथ दिलाई।

# सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में मुंबई पुलिस ने पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल में हुई गोलीबारी के संबंध में मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने



बताया कि सुभाष चंद्र (37) और अनुज थापन (32) ने 15 मार्च को गोलीबारी करने वालों को हथियार उपलब्ध कराए थे। अधिकारी ने कहा कि दोनों को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार कर लिया और उन्हें मुंबई ले जाया जा रहा है।

इस बीच, मुंबई की एक अदालत ने सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार दो लोगों की पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी। बिहार के रहने वाले आरोपी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को उनकी पिछली हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त होने के बाद यहां मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

## व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।' सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां 'व्हाट्सएप' के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है।

# हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और 400 पार और मोदी की गारंटी का नारा लगाना भी बंद हो गया है।


कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है।

# पाक-ईरान के संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दा शामिल किए जाने पर भारत ने ईरान के समक्ष उठाया मामला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पाकिस्तान यात्रा संपन्न होने पर जारी एक संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दा शामिल होने के मद्देनजर, भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ''इस मामले को ईरानी अधिकारियों के समक्ष उठाया है''।

राष्ट्रपति रईसी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर 22-24 अप्रैल तक पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा की थी। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी था, जिसमें विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ-साथ कैबिनेट के अन्य सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।



बुधवार को रईसी की इस्लामाबाद की पहली यात्रा के बाद दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया था कि पाकिस्तान और ईरान इस बात पर सहमत हुए हैं कि कश्मीर मुद्दे का क्षेत्र के लोगों की इच्छा के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान किया जाना चाहिए। संयुक्त बयान में उल्लेखित कश्मीर मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में, विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''उस मुद्दे पर, हमने इस मामले को ईरान के अधिकारियों के समक्ष उठाया है।''

इस सवाल के जवाब में कि क्या रईसी ने भारत का दौरा करने का भी प्रस्ताव रखा है, उन्होंने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, हम आपको उचित समय पर इस तरह की यात्राओं के बारे में उस वक्त सूचित करते हैं, जब सभी चीजों को अंतिम रूप दिया जाता है।'' संयुक्त बयान में कहा गया था कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए, दोनों पक्षों ने साझा चुनौतियों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए बातचीत और कूटनीति के माध्यम से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।

भारत पहले भी कश्मीर मुद्दे पर अन्य देशों के ऐसे बयानों को खारिज कर चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बार-बार कहा है, ''केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न हिस्से हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस संबंध में टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।''

| | |
|---|---|
| 26-04-2024 सूर्यास्त 6:00 बजे | 27-04-2024 सूर्योदय 6:33 बजे |
| BSE 74,339.44 (+486.50) | NSE 22,570.35 (+167.95) |
| सोना 7,644 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 86,016 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चुनावी परिंदे

बड़े ही जोर से चहके,
सुरों से मन लुभावी हैं।
उड़ानें भर रहे जो भी,
समझना सब दिखावी हैं।
कभी मंदिर में चिंचियाते,
कभी मस्जिद में हावी हैं।
उड़ेंगे वोट दानें चुग,
परिंदे ये चुनावी हैं।।

दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
का आह्वान

कर्नाटक की 14 सीटों पर
मतदान आज

हमारा देश सबसे महान
मतदान
लोकतंत्र की शान

तीव्र गति से देश के विकास के लिए अवश्य करें मतदान

आज शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

- जनहित में जारी

# वोडाफोन आइडिया को मिली नई जिंदगी, करेगी स्मार्ट वापसी : कुमार मंगलम बिड़ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपए जुटाना उसके लिए एक 'नई जिंदगी' है और यह कंपनी एक 'स्मार्ट' वापसी करने में सफल रहेगी। भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपए का बड़ा कोष जुटाने में सफलता हासिल की है।

वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है।

बिड़ला ने एफपीओ शेयरों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि दूरसंचार कंपनी अपना नेटवर्क बढ़ाने, इसे सघनता देने और चुनिंदा 5जी सेवाओं की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने इसे वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के लिए दूसरी जिंदगी 'वीआई 2.0' की शुरुआत बताते हुए कहा कि जुटाई गई रकम का कारोबार में निवेश किया जाएगा, जिससे वृद्धि का चक्र शुरू होगा।

बिड़ला ने समारोह में कहा, वीआई एक स्मार्ट वापसी करेगी। यह पल वीआई 2.0 की शुरुआत



का प्रतीक है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी, बिड़ला ने सकारात्मक अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह कंपनी के लिए एक तरह से नया जीवन है।

इसके साथ ही बिड़ला ने वीआईएल के लिए यहां तक का सफर सुनिश्चित करने और दूरसंचार बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करने के लिए सरकार के सुधार पैकेज को भी श्रेय दिया।

उन्होंने वीआई को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा, 1.4 अरब लोगों का देश तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का हकदार है। यह 21.5 करोड़ लोगों को सेवा देती है और उसके पास 8,000 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम है।

बिड़ला ने संवाददाताओं से बातचीत में इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वीआई के प्रवर्तकों वोडाफोन और आदित्य बिड़ला समूह ने अब तक इसमें 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है और पिछले पांच वर्षों में कंपनी में आए 30,000 करोड़ रुपए के निवेश में से तीन-चौथाई प्रवर्तक कंपनियों से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि वोडाफोन आइडिया का कुल कर्ज अब 4,000 करोड़ रुपए ही रह गया है।

इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि बैंक अधिकारियों ने इस कंपनी से संबंधित मुश्किल दौर और चिंताओं को पार कर लिया है। उन्होंने दूरसंचार कंपनी में भरोसा और यकीन दर्शाने के लिए बिड़ला को श्रेय दिया।

# कांग्रेस ने तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया है : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सत्ता में आने के कुछ ही समय के भीतर राज्य को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मेदक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव के समर्थन में राज्य के सिद्दीपेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, इतने कम समय में कांग्रेस ने तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया। कांग्रेस पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 'भ्रष्टाचार' की जांच नहीं कर रही है, चाहे वह कालेश्वरम (परियोजना) हो या भूमि घोटाला। पूर्व में बीआरएस का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था।

शाह ने कहा, टीआरएस और कांग्रेस, दोनों मिली हुई हैं। आप मोदी जी (नरेन्द्र मोदी) को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं, मोदी जी तेलंगाना को इस भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे। कांग्रेस ने विधानसभा



चुनाव में जीत के बाद पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना में सत्ता संभाली थी। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना की जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हर सीट पर भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने कहा कि तेलंगाना का समग्र विकास तभी हो सकता है जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बिल्कुल भी पक्ष में नहीं थे। शाह ने दावा किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 वर्ष में उन समस्याओं का समाधान किया है जिनसे देश लंबे समय से त्रस्त था। उन्होंने कहा, मोदी ने अनुच्छेद 370 के ज्यादाता प्रावधानों को निरस्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए देश के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस द्वारा दिए गए ''मुस्लिम आरक्षण'' को समाप्त करने और इसे एससी, एसटी, ओबीसी कोटा बनाने का फैसला किया है। शाह ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भाजपा तेलंगाना में 12 सीट (कुल 17 में से) पर विजयी हो। उन्होंने कहा कि रघुनंदन राव को दिए गए हर वोट से मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने में मदद मिलेगी।



# अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कन्नौज (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सपा के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव एवं अन्य नेता भी मौजूद थे।

सपा ने इससे पहले मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था।

अखिलेश ने नामांकन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्नौज में सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की यह ख्वाहिश थी कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें। उम्मीद है कि जनता एक बार फिर उन्हें आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा, कन्नौज का चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नकारात्मक राजनीति को खत्म करेगा। हम कन्नौज की पहचान को आगे बढ़ाएंगे। हम कन्नौज के लोगों के सम्मान और विकास के लिए काम करेंगे। भाजपा ने कन्नौज का विकास रोक कर नकारात्मक राजनीति की।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया, भारतीय जनता पार्टी की जो नकारात्मक राजनीति है, वह खत्म होगी। भाईचारे का एक दौर शुरू होगा जो कन्नौज में विकास और खुशहाली लाएगा।

नामांकन से पहले अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन की 24 साल पुरानी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, फिर इतिहास दोहराया जाएगा। अब नया भविष्य बनाया जाएगा।

इस पर अखिलेश के चाचा समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने लिखा, विजय भव: सर्वदा।

अखिलेश यादव पूर्व में तीन बार कन्नौज से ही सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2000 में कन्नौज सीट पर हुए उपचुनाव में वह पहली बार सांसद चुने गए थे। उसके बाद वह 2004 और 2009 में भी इसी सीट से सांसद रहे। उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने के चलते 2012 में कन्नौज सीट पर हुए उपचुनाव में अखिलेश की पत्नी डिंपल निर्विरोध चुनी गई थीं।

वर्ष 2014 के आम चुनाव में भी डिंपल ने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि साल 2019 के चुनाव में वह भाजपा के सुब्रत पाठक से पराजित हो गई थीं।

अखिलेश यादव वर्तमान में करहल विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह करहल सीट से पहली बार विधायक बने थे।

कन्नौज में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत आगामी 13 मई को मतदान होगा।

# खरगे ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, घोषणापत्र को स्पष्ट करने के लिए मुलाकात का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि वह उनसे मिलकर अपनी पार्टी के घोषणापत्र के बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करना चाहते हैं, ताकि ''देश के प्रधानमंत्री के रूप में वह ऐसा कोई बयान न दें, जो गलत हो। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर 'धन पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद यह पत्र लिखा है।

प्रधानमंत्री ने हाल की कुछ सभाओं में कई बार यह कहा है कि कांग्रेस लोगों की संपत्तियों को छीनकर 'समुदाय विशेष' के लोगों में बांटना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के 'विरासत कर' संबंधी बयान को लेकर दावा किया है कि कांग्रेस लोगों की पुश्तैनी संपत्ति को भी हड़पना चाहती है। खरगे ने पत्र में कहा, पिछले कुछ दिनों में आपकी भाषा और भाषणों



से मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। पहले चरण के चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आपसे और आपकी पार्टी के नेताओं से इस तरह की बातें करने की उम्मीद भी थी। उन्होंने पत्र में दावा किया कि संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ना और फिर सांप्रदायिक विभाजना पैदा करना प्रधानमंत्री की आदत बन गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आप इस तरह से बातें करके प्रधानमंत्री पद की गरिमा कम कर रहे हैं। जब यह सब (चुनाव) पूरा हो जाएगा तो लोग यह याद रखेंगे कि प्रधानमंत्री ने हार के डर से इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री को उनके सलाहकारों द्वारा उन बातों को लेकर गुमराह किया जा रहा है जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं हैं।

## मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली/भाषा।** अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत किया है।

# देश में वित्त वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक पेटेंट जारी: अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने कहा कि देश में वित्त वर्ष 2023-24 में 1.03 लाख पेटेंट जारी किए गए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कार्यालय में 'कोई विलंब नहीं' होगा और समय पर पेटेंट आवेदनों का निपटान करना ही प्राथमिकता है। उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनुरोध के 30 महीने के भीतर 40% आवेदनों का निपटारा किया गया।

पंडित ने कहा, हम आईपी कार्यालय में कोई देरी नहीं करेंगे... यही हमारा उद्देश्य है कि..आईपी प्रदान किया जाना चाहिए और अधिनियम के अध्याय-8 के तहत इसका उपयोग आवेदक द्वारा भी किया जाना चाहिए ...। उन्होंने कहा, सभी लंबित आवेदन का निपटान हो गया है इसलिए अब जो भी आवेदन जांच या सुनवाई के लिए आएंगे..उनका निपटान 30-36 महीने में किया जाएगा। इसलिए अब कोई विलंब नहीं होगा।

पंडित ने भारत के अपनी बौद्धिक संपदा स्थिति को मजबूत करने की जरूरत की भी बात कही। उन्होंने कहा, हर साल पेटेंट के लिए आवेदन बढ़ रहे हैं। 2023-24 में हमें 90,300 पेटेंट के लिए आवेदन मिले। न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बल्कि सुरक्षा पर भी पर्याप्त जोर है। पेटेंट के लिए आवेदन की उच्च संख्या शोध के क्षेत्र में भरोसे को बताता है...।

## नियमों का पालन किए बिना विदेशी नागरिकों को परिसर किराए पर देने पर 25 लोग गिरफ्तार

**पालघर/भाषा।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने विदेशी नागरिकों को बिना नियमों का पालन किए परिसर किराए पर देने पर 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया संपत्ति मालिकों ने मुंबई के बाहरी इलाके नालासोपारा (पूर्व) में तुलिंज पुलिस थाना क्षेत्र में आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए विदेशियों को अपना परिसर दिया था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रकार के मामलों में मालिकों को अपने परिसर को किराए पर देने के 24 घंटे के भीतर पुलिस को सूचित करना होगा। मौजूदा कानूनों के अनुसार नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि नियमों के बारे में बार बार बताने और चेतावनी देने के बावजूद संपत्ति मालिकों ने नियमों का पालन नहीं किया।

# पित्रोदा के बयान पर बोलीं मायावती : कांग्रेस का अपनी ऐसी दाग़दार विरासत से मुक्ति पाना मुश्किल

**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने 'विरासत कर' पर कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान को लेकर उठे विवाद पर बृहस्पतिवार को कहा कि निजी सम्पत्ति पर 'विरासत टैक्स' की सोच और उसकी पैरवी कांग्रेस की 'गरीबी हटाओ' की चर्चित विफलता पर से लोगों का ध्यान बांटने का चुनावी प्रयास है और कांग्रेस का अपनी ऐसी दाग़दार विरासत से मुक्ति पाना मुश्किल है।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सैम पित्रोदा की तरफ इशारा करते हुए कहा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी सम्पत्ति पर विरासत टैक्स की सोच व उसकी पैरवी करना गरीबों की भलाई का कम, और इनकी 'गरीबी हटाओ' की चर्चित विफलता पर से लोगों का ध्यान बांटने का चुनावी प्रयास ज्यादा लगता है। उन्होंने इसी संदेश में आगे कहा, जहां तक भारत में सम्पत्ति और सरकारी भूमि के वितरण आदि से जुड़े मामलों में दलितों व वंचितों के लिए न्याय का सवाल है तो इनकी (कांग्रेस की) सरकारों की सही नीयत के अभाव के कारण यहाँ गरीबी, पिछड़ापन, पलायन की विवशता आदि दूर नहीं हो पायी। कांग्रेस को उसकी ऐसी दाग़दार विरासत से मुक्ति मिलना मुश्किल है। 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पित्रोदा द्वारा अमेरिका में



विरासत कर कानून के बारे में बात करने और 'धन के पुनर्वितरण' के मुद्दे का जिक्र किए जाने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। कांग्रेस ने पित्रोदा की 'विरासत कर' वाली टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कहा था कि इसे सनसनीखेज बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दुर्भावनापूर्ण' चुनाव अभियान से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास है। मोदी अपनी चुनावी रैलियों में पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर तीखे वार कर रहे हैं। वह जोर देकर कह रहे हैं कि पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस के छुपे हुए एजेंडा को उजागर कर दिया है और यह पार्टी देश के सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से इतनी दूर हो गई है कि वह कानूनी रूप से लोगों से उनकी संपत्ति लूटना चाहती है।

## सबरीमला हवाई अड्डा भूमि अधिग्रहण के संबंध में कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा : अदालत

**कोचि/भाषा।** केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार को कोट्टयम जिले में सबरीमला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रारंभिक अधिसूचना के संबंध में दो महीने तक कोई और कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया।

यह अंतरिम निर्देश न्यायमूर्ति विजू अब्राहम ने दिया। एकल पीठ ने राज्य सरकार और हवाईअड्डा परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारियों को नोटिस भी जारी किए तथा भूमि अधिग्रहण अधिसूचना को चुनौती देने वाली एक धर्मार्थ ट्रस्ट और उसके प्रबंध ट्रस्टी की याचिका पर उनका रुख जानना चाहा।

अदालत ने कहा, रिट याचिका पर विचार होने तक एक अंतरिम आदेश रहेगा, जिसमें आधिकारिक प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 11(1) के तहत जारी अधिग्रहण अधिसूचना के आधार पर कम से कम कम दो महीने तक कोई कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाएगा। अदालत ने ट्रस्ट की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली और उसे तथा सरकार को संपत्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया।

अयाना चैरिटेबल ट्रस्ट और उसके प्रबंध ट्रस्टी सिनी पुन्नोज ने अपनी संयुक्त याचिका में आरोप लगाया है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया का उद्देश्य उनकी संपत्ति (लगभग 2,263 एकड़ का रबर बागान) पर अवैध रूप से कब्जा करना है। ट्रस्ट ने दावा किया है कि राज्य सरकार 2005 में भूमि अधिग्रहण के बाद से ही 'उसकी संपत्ति हड़पने' का प्रयास कर रही है। ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिब्बल और अधिवक्ता ऋषिकेश हरिदास एवं धीरज फिलिप ने किया।

# वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार में आंध्र प्रदेश पांच साल पिछड़ गया है : गोयल



पीयूष गोयल ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि जगन मोहन रेड्डी की प्रतिशोध लेने वाली और भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को इस बार हराया जाएगा और नायडू फिर बनेंगे मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विजयवाड़ा/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में आंध्र प्रदेश विकास के मामले में पांच साल पीछे हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में और केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आएगा और समृद्धि तथा विकास लाएगा।

गोयल ने उंदावल्ली में तेलुगू देसम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद विजयवाड़ा में एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य की बात है कि विकास के मामले में आंध्र प्रदेश पांच साल पीछे रह गया है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि जगन मोहन रेड्डी की प्रतिशोध लेने वाली और भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को इस बार हराया जाएगा और नायडू एक बार फिर राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे।

गोयल ने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश जैसा तेजी से विकास करता राज्य पिछले पांच साल में रेत, शराब और जमीन माफियाओं के चंगुल में फंस गया और लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से 'सहारा' मिला।





## एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार कर रही एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की।

कंपनी अभी तक सिर्फ पतले आकार के एयरबस विमानों का परिचालन कर रही है। हालांकि, कंपनी ने इस्तांबुल मार्ग पर परिचालन के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी।

इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है।

इंडिगो में फिलहाल 350 विमानों का परिचालन होता है।

कंपनी ने पिछले साल जून में एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था। यह किसी एयरलाइन द्वारा एक बार में दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर था।

# मोदी देश के लोगों में 'दरार पैदा' करना चाहते हैं : अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया') प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोगों के बीच दरार पैदा करने के प्रयासों के खिलाफ लड़ रहा है और विपक्षी गठजोड़ भाजपा शासन के दौरान किए गए गलत कामों को ठीक करेगा। अब्दुल्ला ने कहा, निर्वाचन आयोग को बदलना होगा और स्वतंत्र बनाना होगा। न्यायपालिका को स्वतंत्र बनाना होगा क्योंकि अगर लोगों को कहीं और से इंसाफ नहीं मिलता है तो यही वह जगह है जहां लोगों को न्याय मिलता है।



जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कई चीजें ठीक करनी होंगी। राज्यपाल उन्हें बनाना है जो दिल्ली की नहीं बल्कि जनता की सेवा कर सकें। कई संस्थानों में कई अयोग्य लोगों को बैठा दिया गया है, लेकिन हमें उन संस्थानों को बचाना है। अब्दुल्ला ने कांग्रेस मुख्यालय में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की संयुक्त रैली को संबोधित किया और बाद में पार्टी कार्यालय में नेशनल कॉन्फ्रेंस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेंहदी के श्रीनगर संसदीय सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अब्दुल्ला ने इन कार्यक्रमों को संबोधित किया। मैं दुआ करता हूं कि 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली में कामयाब हो ताकि आंबेडकर का संविधान बच जाए और यह गलत कार्यों को ठीक करेगा।

अब्दुल्ला ने दावा किया कि संविधान खतरे में है।

अब्दुल्ला के मुताबिक, आपने देखा कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान में क्या कहा। उन्होंने भारतीय संविधान को टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश की। भारतीय संविधान हर किसी को सम्मान देता है। उन्होंने मोदी के भाषण को निराशाजनक बताते हुए कहा, देश के प्रधानमंत्री को सभी के लिए बोलना है और सभी की रक्षा करनी है... वह एक पिता की तरह हैं। उन्हें धार्मिक आधार पर या खान-पान की आदतों या भाषाओं के आधार पर लोगों के बीच अंतर नहीं करना चाहिए। उन्हें हर किसी की सेवा करनी है चाहे वे उनकी पार्टी के हों या नहीं।

अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मोदी देश को तोड़ना और लोगों को धार्मिक आधार पर अलग करना चाहते हैं।

नेशनल कॉफ्रेंस के प्रमुख ने कहा, वह (मोदी) लोगों के बीच दरार पैदा करना चाहते हैं। 'इंडिया' गठजोड़ उसके खिलाफ लड़ रहा है। 'इंडिया' गठजोड़ देश को एकजुट रखना और आंबेडकर के संविधान की रक्षा करना चाहता है।



बेंगलूरु में मतदान के एक दिन पूर्व गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ ने आरआर नगर अंतर्गत ज्ञानाक्षी विद्यानिकेतन में मस्टरिंग सेंटर का दौरा कर निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ जोन आयुक्त शिवानंद कपाशी, जोन आयुक्त अजय, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पल्लवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# कर्नाटक राज्य की 14 सीटों पर मतदान आज

## दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों को वोट देने के लिए कई सुविधाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में दक्षिणी भाग की 14 सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान होने जा रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बेंगलूरु उत्तर, बेंगलूरु दक्षिण, बेंगलूरु मध्य, बेंगलूरु ग्रामीण, चिकबल्लापुर, मंड्या, कोलार, मैसूरु, चामराजनगर, उडुप्पी-चिकमगलूरु, दक्षिण कन्नड़, हासन, तुमकुरु, चित्रदुर्गा शामिल हैं। इन सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में कांटे की टक्कर है और भाजपा के लिए इस बार अपना प्रभावशाली प्रदर्शन दोहराना मुश्किल होगा, भले ही जद (एस) ने उससे हाथ मिला लिया हो।

राज्य की 14 सीटों पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी मंड्या से चुनाव क्षेत्र में हैं वहीं बेंगलूरु ग्रामीण से भाजपा के उम्मीदवार डॉ. मंजुनाथ कांग्रेस के डीके शिवकुमार से साथ मुकाबला कर रहे है। मैसूरु में मैसूरु महाराजा यदुवीर वडियार चुनाव समर में हैं तो बेंगलूरु उत्तर से केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे मैदान में हैं।

शुक्रवार को सुबह 7 बजे से होने वाले मतदान के मद्देनजर प्रशासन ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। गुरुवार को शाम तक सभी मतदान केन्द्रों पर वोटिंग मशीन और अन्य जरूरत की वस्तुए पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचा दी गई है।

वहीं कर्नाटक राज्य में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सहयोग से राज्य में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के मतदाताओं को बिना किसी बाधा के मतदान केन्द्रों तक आने की अनुमति प्रदान की गई है। नेत्रहीन मतदाताओं के लिए आवश्यकतानुसार रैम्प (रैंप) रेलिंग, व्हीलचेयर, वोटिंग मशीन में बेल स्क्रिप्ट नंबर, बेल स्क्रिप्ट डमी बैलेट पेपर, वैनिटी मिरर, श्रवणबाधित मतदाताओं के लिए आवश्यकतानुसार सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ सहायता, साइन बोर्ड, शौचालय की व्यवस्था, अलग वोटिंग कतार, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं जैसे बॉक्स और स्वास्थ्य परिचारक सहायता, जरूरतमंद विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के लिए मुफ्त परिवहन प्रणाली प्रदान की जाती है। दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एवं राज्य चुनाव समन्वयक ने कहा कि सभी दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदान केन्द्रों पर आकर मतदान करें और अपने अधिकारों का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में भाग लें।

# आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शिवकुमार को राहत दी

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप का सामना कर रहे उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को



अंतरिम राहत दी है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को शिवकुमार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई करने से परहेज करने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा भारत निर्वाचन आयोग से की गई शिकायत के आधार पर 19 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने मतदाताओं को ब्लैकमेल करने की कोशिश की। भाजपा ने दावा किया कि राजराजेश्वरी नगर में एक चुनावी भाषण के दौरान, अपने भाई और लोकसभा उम्मीदवार डीके सुरेश के लिए प्रचार करते हुए, शिवकुमार ने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देने के बदले में कावेरी जल आपूर्ति और कब्जा प्रमाणपत्र देने का वादा किया था।

# मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के बारे में जो कहा वह झूठ है : दिनेश गुंडूराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। राज्य सरकार के मुख्य प्रवक्ता मंत्री दिनेश गुंडूराव ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए झूठ फैला रहे मोदी समाज में कलह पैदा करने की स्वार्थी राजनीति में लग गये हैं। गुरुवार को बेंगलूरु में पत्रकारों को जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के बारे में झूठ बोला है। दलितों और पिछड़ों का आरक्षण हटाकर मुसलमानों को दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी को एक दस्तावेज देना चाहिए अन्यथा उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

दिनेश गुंडूराव ने कहा कि बिना कोई काम किए10 साल तक सत्ता का सुख भोगने वाले मोदी को अब मुस्लिम आरक्षण के फर्जी मुद्दे का ज्ञान हो गया है..? इतने सालों तक चुप रहने के बाद आप चुनाव के समय गलत बयान क्यों दे रहे हैं..? मोदी को साफ लग रहा है कि बहुमत हासिल करना मुश्किल होगा। इस प्रकार, वे इस तरह के समाज में विभाजन पैदा करने वाले बयान दे रहे हैं।

राज्य सरकारों के पास दलितों के लिए आरक्षण में संशोधन करने की कोई शक्ति नहीं है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों की सहमति से अधिनियम में संशोधन करना होगा। एक प्रधानमंत्री को इस हद तक झूठ नहीं बोलना चाहिए। 30 साल पहले कर्नाटक में मुसलमानों को पिछड़ी जाति श्रेणी 2बी में शामिल करने की कहानी। चेन्नाप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, उस समय सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इन्हें श्रेणी 2बी में शामिल किया गया था। यहां किसी ने इस पर सवाल नहीं उठाया। मंत्री दिनेश गुंडुराव ने तंज कसते हुए कहा कि मोदी ने चुनाव के दौरान समाज में बंटवारा कर वोट हासिल करने की मंशा से यह प्रस्ताव रखा है।

अब मोदी क्या कह रहे हैं, जब वो कहते थे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास.. उनके बयानों पर गौर करें तो सबका साथ कोरा झूठ है। क्या एक समुदाय के खिलाफ बयान देने वाले मोदी को सबका साथ कहना नैतिक है? ऐसा लगता है कि समाज में आग लगाने वाले बयान देने में मोदी यत्नाल से भी आगे निकल गये हैं, मोदी को हार का डर सता रहा है। इस प्रकार मोडो झूठ का आश्रय ले रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी आधार के दलितों का आरक्षण कम कर रही है। इसके लिए दस्तावेज पेश करना चाहिए नहीं तो जनता से माफी मांगने की दिनेश गुंडूराव ने मांग की।

गुंडूराव ने कहा कि ऐसा ही एक बयान राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष ने दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग को हमारे मामले में हस्तक्षेप करने की कोई शक्ति नहीं है। राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष इतने सालों से क्या कर रहे हैं? उन्होंने सिर्फ भ्रम पैदा करने के लिए बयान दिया है। उन्हें हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है, हमें उन्हें जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है, अतीत में बोम्मई इसमें शामिल हो गए और हार गए। इससे बीजेपी 65 पर आ गई है। मंत्री दिनेश गुंडुराव ने गरजते हुए कहा कि मूर्खतापूर्ण बात करने वाले राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष अब क्यों हस्तक्षेप करेंगे।

# मुसलमानों को अत्यधिक 'आरक्षण' देने को लेकर एनसीबीसी कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए गए ''अत्यधिक आरक्षण'' को लेकर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा, कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की सभी जातियों/समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत अलग से मुस्लिम जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा, यह उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है।

अहीर ने कहा कि इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे। कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी।

कर्नाटक सरकार की ओर से स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है, एनसीबीसी ने सभी बारीकियों पर गौर करते हुए ऐसा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया जो इन समुदायों के भीतर विविधता को ध्यान में रखे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, कर्नाटक में मुसलमानों की आबादी 12.92 प्रतिशत है।

# यक्षगान कलाकार सुब्रह्मण्य धारेश्वर का हुआ निधन

कुंदापुर/दक्षिण भारत। अपनी मखमली आवाज के लिए 'भगवत श्रेष्ठ' के नाम से चर्चित यक्षगान कलाकार सुब्रह्मण्य धारेश्वर का 67 वर्ष की उम्र में बृहस्पतिवार को बेंगलूरु में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने बताया कि वह बीमार थे और आज सुबह बेंगलूरु में बेटे के घर पर उन्होंने अंतिम श्वांस ली। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी हैं।

बडगुथिट्टू संस्करण में यक्षगान को अनोखे रूप में पेश कर इसकी लहर पैदा करने वाले कलिंग नवादा के निधन के बाद सुब्रह्मण्य धारेश्वर ने इस कला को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। तटीय कर्नाटक की एक अनूठी नृत्य कला यक्षगान के लिए धारेश्वर ने अपने जीवन के 46 वर्ष समर्पित किए। यक्षगान पारंपरिक लोक नृत्य का एक रूप है जो कर्नाटक के तटीय जिलों और केरल के कासरगोड जिले में लोकप्रिय है। नृत्य, गायन और नाट्य कला की यह संयुक्त शैली केरल की थेय्यम कला से मिलती-जुलती है। धारेश्वर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि यक्षगान कला के क्षेत्र में 'भगवत श्रेष्ठ' का योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# मुझे व कांग्रेस को घेरने के लिए आयकर विभाग लोगों को धमका रहा है : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि आयकर (आईटी) विभाग लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को निशाना बनाते हुए छापेमारी कर रहा है और जिन नेताओं के यहां छापे पड़े हैं उन्हें यह दावा करने के लिए धमका रहा है कि पैसा उनका (शिवकुमार) और पार्टी का है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विभाग ''भाजपा के एजेंटों'' की तरह काम कर रहा है। आईटी अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कर्नाटक में कारोबारियों और प्रमुख राजनीतिक नेताओं के सहयोगियों से संबंधित बेंगलूरु और उसके आसपास के कुछ स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

शिवकुमार ने कहा, आयकर विभाग का इस्तेमाल सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्हें किसी से पैसा नहीं मिला है। आयकर विभाग वाले सभी को यह कहने के लिए धमका रहे हैं कि ये पैसा शिवकुमार का है, कांग्रेस का है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें (आईटी अधिकारियों को) करीब एक घंटे तक तलाशी करनी होती है और वापस जाना होता है; इसके बजाय, लोगों को पूरे दिन उनके साथ बैठने के लिए मजबूर किया जा रहा है, उन्हें चुनावी गतिविधियों में शामिल नहीं होने दिया जा रहा है। मुझे आयकर विभाग से ऐसी राजनीति की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, उन्हें जाने दें और अपनी तलाशी लें। क्या वे भाजपा से किसी के पास गए? क्या उन्हें नहीं पता कि भाजपा कहां पैसा बांट रही है? क्या कोई सूची नहीं है? आपने (आईटी) लोगों को निगरानी के लिए रखा है, वे क्या कर रहे हैं?

शिवकुमार ने कहा, भाजपा एजेंट की तरह आप काम कर रहे हैं। कल तीन या चार स्थानों पर विशेष रूप से बेंगलूरु ग्रामीण क्षेत्र के हमारे कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया गया। शिवकुमार के भाई और वर्तमान सांसद डी के सुरेश बेंगलूरु ग्रामीण से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जहां शुक्रवार को मतदान होना है। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की छापेमारी एक प्रमुख नेता से जुड़े स्थान पर केंद्रित थी, जिन्होंने कांग्रेस के लिए प्रचार रैलियां आयोजित की थीं।

शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने हताशा' में राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के खिलाफ हाल में कुछ बयान दिए। उन्होंने कहा, लेकिन, वे यहां (कर्नाटक में) एक बार फिर असफल होंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि उन्हें यहां दहाई अंक में सीट नहीं मिलेंगी। कर्नाटक में कुल 28 लोकसभा क्षेत्र हैं। प्रधानमंत्री की 'मंगलसूत्र' वाली टिप्पणी पर उनकी आलोचना करते हुए, कांग्रेस प्रदेश प्रमुख ने मोदी सरकार के दौरान सोने की कीमतों में कथित वृद्धि को उजागर करने की कोशिश की और कहा, (मुद्दा यह है) महिलाएं मंगलसूत्र पहनने में असमर्थ हैं (क्योंकि वह सोना नहीं खरीद पा रही हैं)... न कि मंगलसूत्र कांग्रेस छीन रही है।

# महिला से सामूहिक बलात्कार, पांच गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में 23 वर्षीय महिला का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस के मुताबिक पांच लोग पीड़िता का अपहरण कर उसे एक सुनसान जगह पर ले गए। जहां उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

# वजन कम करने की सर्जरी के दौरान युवक की मौत

चेन्नई/दक्षिण भारत । वजन कम कराने की सर्जरी के दौरान पैदा हुईं कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की यहां एक निजी अस्पताल में मौत हो गई जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलोग्राम था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लड़के के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि उनके बेटे को अगले दिन मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। सेल्वानाथन ने पम्मल के शंकर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद उनके बेटे के शरीर में जटिलताएं पैदा होने की बात कही गई और उपचार के लिए दूसरे निजी अस्पताल ले जाया गया।



हुब्बल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री ने हत्यारोपित नेहा हिरेमठ के निवास पर जाकर उनके परिवारजनों को संवदेनाएं व्यक्त की।

# लोक अभियोजक, पुलिस से हुबली हत्याकांड के आरोपी को कड़ी सजा सुनिश्चित करने को कहा गया : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीदर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने लोक अभियोजक और पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि हुब्बल्ली में छात्रा नेहा हिरेमठ की हत्या के आरोपी को कड़ी सजा मिले। उन्होंने घटना की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

सिद्दरामैया ने कहा, ''मैं पहले ही हत्या की निंदा कर चुका हूं और मैं एक बार फिर इसकी निंदा करता हूं। जांच के लिए मामला पहले ही सीआईडी (अपराध जांच विभाग) को सौंप दिया गया है। हम एक विशेष अदालत का गठन कर रहे हैं और आरोपी के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित की जानी चाहिए।''

मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने लोक अभियोजक और पुलिस से बात की है तथा उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आरोपी को कड़ी सजा मिले। सिद्दरामैया ने कहा, ''मैंने उसके (नेहा के) पिता से आरोपी की गिरफ्तारी, सीआईडी जांच जैसे सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बात की। सीआईडी जल्द से जल्द आरोप पत्र दाखिल करेगी और मुकदमा शुरू होगा।'' हुब्बल्ली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमठ की बेटी नेहा हिरेमठ (23) की पिछले बृहस्पतिवार को बीवीबी कॉलेज के परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से भाग गया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज उसका पूर्व सहपाठी था।

मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान सीबीआई को कोई मामला सौंपा था। सिद्दरामैया ने कहा कि ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। सिद्दरामैया ने कहा, ''उन्हें (सीबीआई जांच की मांग करने का) क्या नैतिक अधिकार है? पहले जब मैं मुख्यमंत्री था, मैंने कई मामले सीबीआई को सौंपे थे। क्या उन्होंने एक भी सौंपा? नेहा की हत्या गलत है, वे (भाजपा) इस पर राजनीति कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है।''



# झूठ बोलने वाले मोदी को वोट न दें : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग (गजेंद्रगढ़)। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि कन्नड़ लोगों की समस्याओं पर जवाब नहीं देने वाले नरेंद्र मोदी को केवल तभी याद किया जाएगा जब लोकसभा चुनाव आएंगे। वह कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार आनंदस्वामी गद्दादेवरामथ की ओर से आयोजित 'प्रजाध्वनि-02' लोकसभा चुनाव अभियान बैठक का उद्घाटन कर मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस निर्वाचन क्षेत्र को अपनी प्रतिष्ठा का क्षेत्र बना लिया है। भले ही वह दो साल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन इस क्षेत्र में उनका योगदान शून्य था। बसवराज बोम्मई को हराना हर किसी का कर्तव्य है जिन्होंने इस लोकसभा क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि रोन विधानसभा क्षेत्र से 25 हजार से ज्यादा वोट कांग्रेस को मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। फिर वह किस हक से जनता से समर्थन मांग रहे हैं। वर्ष 2014 में सबके खाते में 15 लाख विदेशी काला धन, हर साल 2 करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दोगुनी करने का झूठ बोला गया। पेट्रोल, गैस, खाने-पीने की चीजों समेत जरूरी चीजों के दाम और बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन कभी नहीं आये। वर्ष 2014 में एक डॉलर की कीमत 58 रुपये थी। वहीं, आज 83 रु. है। रुपये का मूल्य और गिर गया है और रुपये का मूल्य बढ़ाने का उनका वादा मोदी का एक और झूठ है। क्या लोगों को नरेंद्र मोदी को वोट देना चाहिए जिन्होंने उपरोक्त पांच वादों को झूठा साबित किया है? उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस बार झूठ बोलने वाले नरेंद्र मोदी को वोट न दें। पिछली बार राज्य से भाजपा के 25 सांसद होने के बावजूद केंद्र में राज्य के साथ हो रहे अन्याय को लेकर कोई आवाज नहीं उठी। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश अकेले ऐसे शख्स थे जिन्होंने केंद्र के खिलाफ आवाज उठाई थी। केंद्र ने अन्याय कर टैक्स वितरण में अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य के 223 तालुकों में सूखा है, लेकिन केंद्र ने सूखा राहत नहीं दी है।




# आईसीएमएआई और आईसीएसआई की बेंगलूरु शाखा की ओर से वित्त मंत्री के साथ बातचीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आईसीएमएआई और आईसीएसआई की बेंगलूरु शाखा ने केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एक संयुक्त बातचीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने सराहना की कि प्रबंधन लेखाकार लागत लाभ विश्लेषण और मूल्यांकन के माध्यम से अर्थव्यवस्था की तीव्र वृद्धि में योगदान दे रहे हैं। आईसीएसआई अध्यक्ष सीएस नरसिम्हन बी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईसीएमएआई अध्यक्ष अश्विन जी. दलवाड़ी, आईसीएमएआई सदस्य सुविधा समिति सदस्य सीएमए रामस्कंद.एन, आईसीएमएआई बेंगलूरु शाखा अध्यक्ष सीएमए देवराजुलु.बी; आईसीएमएआई बेंगलूरु शाखा सचिव सीएमए अभिजीत एस. जैन और अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेताओं के साथ शेखावत की बातचीत का ऑडियो गहलोत ने उपलब्ध कराया था : पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



> जब मैं मुख्यमंत्री आवास पहुंचा, तो गहलोत ने मुझे पेन ड्राइव दी जिसमें तीन ऑडियो क्लिप थे और एक कागज दिया जिसमें ऑडियो क्लिप की प्रतिलिपि थी। उन्होंने मुझसे इसे मीडिया में प्रसारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से वह अपने घर गए और ऑडियो क्लिप को अपने लैपटॉप में और लैपटॉप से अपने मोबाइल फोन में डाला और फिर मीडिया में प्रसारित कर दिया।

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तत्कालीन विशेषाधिकारी (ओएसडी) और कांग्रेस नेता लोकेश शर्मा ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में 2020 में कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश के संबंध में गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस नेताओं के बीच टेलीफोन पर कथित बातचीत के तीन ऑडियो क्लिप तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें मीडिया में प्रसारित करने के लिए एक पेन ड्राइव में दिए थे। लोकेश ने इस मुद्दे को लेकर यहां पत्रकारों से बात की और कथित पेन ड्राइव और लैपटॉप दिखाया। उन्होंने दावा किया कि गहलोत ने उन्हें एक पेन ड्राइव दी थी जिसमें तीन ऑडियो क्लिप थीं।

लोकेश के अनुसार, इन क्लिप को लैपटॉप के जरिए उन्होंने अपने मोबाइल फोन में डाला और मीडिया के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि अगर जांच एजेंसी की तरफ इसकी मांग जाएगी तो वह अपने दावे के संबंध में अपने पास मौजूद सबूत दे देंगे।

शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर अपने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने की साजिश रचने, पायलट और अन्य कांग्रेस नेताओं के फोन सर्विलांस पर रखने, रीट पेपर लीक में शामिल होने और पार्टी आलाकमान को अंधकार में रखने का आरोप लगाया। जालोर लोकसभा सीट पर अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए प्रचार कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से टिप्पणी के लिए तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। लोकेश ने मीडिया को पेन ड्राइव दिखाते हुए दावा किया, मुझे सोशल मीडिया से ऑडियो क्लिप नहीं मिली। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पेन ड्राइव के माध्यम से मुझे ये सभी ऑडियो क्लिप दिए थे और इसे मीडिया में प्रसारित करने के लिए कहा था। मैंने उनके निर्देशों का पालन किया।

अब तक लोकेश यह कहते रहे हैं कि उन्हें ये कथित क्लिप सोशल मीडिया के जरिए मिली थी, जिसे उन्होंने आगे मीडिया को भेज दिया था। अब उन्होंने क्लिप उपलब्ध कराने के लिए सीधे तौर पर गहलोत को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर 25 मार्च 2021 को लोकेश शर्मा के खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और गैरकानूनी तरीके से बातचीत को रिकॉर्ड करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी।

लोकेश ने प्राथमिकी रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने तीन जून 2021 को शर्मा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाई थी, जो अभी जारी है। लोकेश पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश हो चुके हैं। लोकेश ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गहलोत के निर्देशों का पालन करना अपना कर्तव्य समझा और अपराध शाखा द्वारा पूछताछ के बावजूद ऑडियो क्लिप के स्रोत का खुलासा नहीं किया।

पूर्व ओएसडी ने दावा किया कि जब उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था तो उन्हें गहलोत ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया और मामले और पूछताछ के कारण उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 16 जुलाई 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होटल फेयरमोंट आए जहां राजनीतिक संकट के बाद उनके खेमे के कांग्रेस विधायक ठहरे हुए थे। वह शाम करीब चार बजे होटल से निकले। बाद में मुझे गहलोत के पीएसओ रामनिवास का फोन आया कि गहलोत मुझे मुख्यमंत्री आवास पर बुला रहे हैं। शर्मा ने दावा किया, जब मैं मुख्यमंत्री आवास पहुंचा, तो गहलोत ने मुझे यह पेन ड्राइव दी जिसमें तीन ऑडियो क्लिप थे और एक कागज दिया जिसमें ऑडियो क्लिप की प्रतिलिपि थी। उन्होंने मुझसे इसे मीडिया में प्रसारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से वह अपने घर गए और ऑडियो क्लिप को अपने लैपटॉप में और लैपटॉप से अपने मोबाइल फोन में डाला और फिर मीडिया में प्रसारित कर दिया।

शर्मा ने दावा किया कि खबर सार्वजनिक होने के बाद, गहलोत ने उनसे यह जानने के लिए बात की थी कि उन्होंने सबूत नष्ट करने के लिए अपने फोन को नष्ट किया या नहीं। अपने दावे का समर्थन करने के लिए, शर्मा ने मीडिया के सामने उनके और गहलोत के बीच कथित बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग भी चलाई। शर्मा ने यह भी दावा किया कि एसओजी ने उनके निजी कार्यालय पर छापा मारा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मीडिया में ऑडियो क्लिप प्रसारित करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन नष्ट कर दिया गया या नहीं। उन्होंने कहा, मैं यह सब खुलासा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि मैं और मेरा परिवार कठिन समय और मानसिक यातना से गुजर रहे हैं। फोन टैपिंग में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने गहलोत पर रीट पेपर लीक में शामिल होने का भी आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया और अब उन्हें केवल अपने बेटे वैभव गहलोत के भविष्य की चिंता है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कोविड महामारी के दौरान उपकरणों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार हुआ, खदान घोटाला हुआ और (विधानसभा) चुनाव वर्ष (2023) में महिलाओं को मुफ्त मोबाइल फोन वितरण की योजना में भ्रष्टाचार हुआ। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार को सभी घोटाले और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करानी चाहिए। फोन टैपिंग विवाद जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान सामने आया जब कांग्रेस राजस्थान में सत्ता में थी। तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और उनके समर्थन वाले पार्टी के 18 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ बगावत कर दी थी जिस दौरान गजेंद्र सिंह और कांग्रेस नेताओं के बीच टेलीफोन पर कथित बातचीत के ऑडियो क्लिप सामने आए थे।



## वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड विमान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। भारतीय वायु सेना का एक 'रिमोटली पायलेटेड विमान' बृहस्पतिवार को जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना के अनुसार, इस हादसे में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना जैसलमेर के पिथला गांव के पास एक खुले मैदान में हुई। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, भारतीय वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसके अनुसार, दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया गया है।

### मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी प्रकरण

## मणिपाल अस्पताल का पंजीकरण निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने अंग प्रत्यारोपण में संदिग्ध भूमिका के मद्देनजर जयपुर के मणिपाल अस्पताल को जारी पंजीकरण और नवीनीकरण प्रमाणपत्र निलंबित कर दिया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा के निर्देश के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा निजी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक सरकारी बयान के अनुसार, प्राधिकृत अधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि मणिपाल अस्पताल को मानव अंगों के प्रत्यारोपण के लिए 'ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एक्ट' के तहत पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र जारी किए गए थे।

विगत दिनों मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी होने का प्रकरण सामने आने के बाद इस मामले में फोर्टिस अस्पताल के कर्मचारी गिरिराज शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। शर्मा पूर्व में मणिपाल अस्पताल में भी कार्यरत था। मणिपाल अस्पातल में भी मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए एनओसी प्राप्त करने में शर्मा की भूमिका सामने आई है। उल्लेखनीय है कि फर्जी एनओसी प्रकरण में इससे पूर्व जयपुर के फोर्टिस अस्पताल एवं ईएचसीसी अस्पताल का पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रमाण-पत्र निलंबित कर दिया गया था।

## द्वितीय चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों में अब तक दो लाख 21 हजार से अधिक कार्मिक कर चुके हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में द्वितीय चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में अब तक दो लाख 21 हजार से अधिक चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिक फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव- 2024 की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक दो लाख 21 हजार 317 मत डाले गए हैं । पोस्टल बैलेट और ईडीसी की सुविधा का चयन करने वाले कुल कार्मिकों में से 92.47 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। द्वितीय चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों के लिए मतदान प्रक्रिया जारी है और ये कार्मिक दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले गुरुवार तक मतदान किया जा सकेगा। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अब तक 87 हजार 886 पुलिसकर्मी, 13 हजार 150 आरएसी, 1066 जीआरपी, 2125 प्राइवेट (ड्राइवर्स) और एक 17 हजार 90 अन्य मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के द्वितीय चरण में मतदान वाले सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं।

### रोड शो



ब्यावर में गुरुवार को राजसमंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ के समर्थन में आयोजित रोड शो में शामिल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़।

## मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर 15 लाख रुपये लूटे

जयपुर। जयपुर के अशोक नगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाश हथियार के बल पर एक निजी कार्यालय से 15 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों ने एक भवन के कार्यालय में कार्यरत दो महिलाओं को हथियार के बल पर धमकाया और दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकालकर इसमें रखे हुए 15 लाख रुपए लूट लिये और फरार हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त (अशोक नगर) बालाराम ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिये आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 सीट पर मतदान आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। अधिकारियों ने बताया कि सुबह सात बजे प्रारंभ होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारी ने बताया कि आम चुनाव के साथ ही बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। राज्य में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं जिनमें से 12 पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ। प्रदेश की जिन 13 सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा, उनमें बाड़मेर, जोधपुर, जालौर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, उदयपुर, राजसमंद, और झालावाड़-बारां सीट शामिल हैं।



जोधपुर में गुरुवार को मतदान अधिकारी गुरुवार को राजस्थान के जोधपुर में वितरण केंद्र शेरगढ़ में दूसरे चरण के आम चुनाव-2024 के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री ले जा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 1.72 लाख से अधिक मतदान कर्मी मतदान कराएंगे। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए कुल 82,487 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के साथ-साथ, होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवान शामिल हैं। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियां भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग करेंगी। इन 13 लोकसभा सीट में 28,758 बूथ पर मतदान होगा और 2.80 करोड़ मतदाता 152 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। राज्य की 12 सीटों पर 19 अप्रैल को पहले चरण में अपेक्षाकृत कम मतदान के बाद दूसरे चरण में भारतीय जनता पार्टी का प्रचार अभियान तेज रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में अपनी सभाओं में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। राज्य में पहले चरण में 12 सीटों पर 58.28 फीसदी मतदान हुआ जो 2019 में 64.02 फीसद था। कम मतदान प्रतिशत से चिंतित दोनों दलों के नेताओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

पिछले दो लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में एक भी सीट नहीं जीत पाने वाली कांग्रेस इस बार भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश में है।



## द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में 5 से 7 मई 2024 को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने इस आयोजन में राजस्थान की पर्यटन विशेषताओं को मुख्य रूप से प्रस्तुत किए जाने पर जोर दिया। आयोजन में स्टेक होल्डर्स, जिसमें विदेशी डेलिगेटस प्रमुख है को राजस्थान की परंपरा के अनुसार आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थानी व्यंजनों को बढ़ावा दिए जाने के लिए आयोजन के दौरान कम से कम एक बार के भोजन में राजस्थान के व्यंजनों को प्रमुखता से शामिल करने के निर्देश दिए।

पंत ने तीन दिवसीय आयोजन के उद्घाटन कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राजस्थान की कला,पर्यटन और इतिहास आधारित सांस्कृतिक आयोजन को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाए। पर्यटन निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बैठक में जीआईटीबी के शेड्यूल की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 5 मई 2024 को वेड इन इंडिया एक्सपो सुबह 9:45 से शाम 4:30 बजे तक महारानी महल रामबाग पैलेस में किया जाएगा।

वेड इन इंडिया एक्सपो का उद्देश्य है कि देश और विदेश के पर्यटकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा राजस्थान में वैडिंग की जाए, जिससे राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसी दिन शाम 6:30 बजे जय महल पैलेस में जीआईटीबी का औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन व तीसरे दिन 6 व 7 मई 2024 को जयपुर के सीतापुरा में जेईसीसी हॉल में सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक एग्जीबीशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विदेशी टूर ऑपरेटर्स के साथ राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बी टू बी मीटिंग आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन के बाद से 8 मई से फॉरेन टूर ऑपरेटर्स को राजस्थान भ्रमण भी करवाया जाएगा। जिससे वे राजस्थान में पर्यटन आकर्षणों को अनुभव कर सकेंगे।

डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 में 250 विदेशी टूर ऑपरेटर, कई इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर्स एवं घरेलू वेडिंग प्लानर्स सहभागिता कर रहे हैं, जो पर्यटन और वेडिंग से संबंधित अपने उत्पादों को प्रस्तुत करेंगे।

इस आयोजन में गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और उड़ीसा पर्यटन सहभागिता कर रहे हैं। इस आयोजन में राजस्थान के विभिन्न ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशंस भी सहभागिता कर रहे हैं। जिनमें फिक्की, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन , राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान प्रमुख हैं।

## दूसरे चरण में बिरला, गहलोत, वसुंधरा, शेखावत सहित कई नेताओं की दांव पर लगी राजनीतिक प्रतिष्ठा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के द्वितीय चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को होने वाले चुनाव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कैलाश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी पी जोशी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी सहित कई नेताओं की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। इस चुनाव में बिरला कोटा से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं जहां उनका उनका मुकाबला भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आये पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल से माना जा रहा है। गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे हैं जहां उनका मुकाबला भाजपा के लुंबाराम चौधरी से हैं। इसी तरह झालावाड़ में पिछले 35 सालों से राजनीतिक दबदबा कायम रखने वाली श्रीमती राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह इस बार लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने के लिए झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र से फिर चुनाव






मैदान में हैं और उनका सीधा मुकाबला उनके पुरानी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला जैन भाया से होने के आसार हैं। इस कारण गहलोत एवं श्रीमती राजे सहित इन नेताओं की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर हैं।

शेखावत जोधपुर से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी करणी सिंह उचियारड़ा से हैं। इसी तरह कैलाश चौधरी बाड़मेर से दूसरी बार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं जहां उनका मुकाबला त्रिकोणीय स्थिति में कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल एवं निर्दलीय प्रत्याशी एवं विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी के साथ माना जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी चित्तौड़गढ़ से लगातार तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं जहां उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना से हैं और दोनों नेताओं की राजनीतिक साख दावं पर हैं।

# मुस्लिम आरक्षण देश को 'इस्लामीकरण' की ओर धकेलने के एजेंडे का हिस्सा : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश देश को इस्लामीकरण और विभाजन की ओर धकेलने के उसके एजेंडे का हिस्सा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने दावा किया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करना चाहती है।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा है और आरोप लगाया है कि वह ओबीसी के आरक्षण का हिस्सा मुस्लिम समुदाय को हस्तांतरित करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ने उनके दावे को खारिज कर दिया है और उन पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है।

जब ओबीसी कोटे से मुसलमानों को आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के कथित कदम के बारे में पूछा गया, तो आदित्यनाथ ने इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए आरोप लगाया कि यह भारत के इस्लामीकरण करने व विभाजन की ओर धकेलने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील (संप्रग) सरकार आने के बाद कांग्रेस ने उस समय भी कुत्सित प्रयास किए थे। आदित्यनाथ ने कहा, पहले संप्रग सरकार के दौरान न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी। रंगनाथ समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की कि ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित 27 प्रतिशत आरक्षण में से छह फीसदी मुसलमानों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके अतिरिक्त, समिति की रिपोर्ट में प्रस्ताव किया गया था कि मुसलमानों के एक विशिष्ट वर्ग, जिसने धर्म परिवर्तन कर लिया है, उसे दलित श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए और उन्हें दलितों के समान लाभ प्रदान किए जाने चाहिए।



## शाह ने ओडिशा के वास्तविक विकास के लिए लोगों से बीजद सरकार को हटाने की अपील की

**सोनपुर (ओडिशा)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि खनिज समृद्ध राज्य होने के बावजूद ओडिशा में सबसे ज्यादा गरीब लोग रहते हैं। उन्होंने चुनाव में लोगों से नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजद) नीत सरकार को हटाने का आग्रह किया। शाह यहां राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में बोलांगीर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सोनपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, मैं ओडिशा के लोगों से 20 सांसदों को लोकसभा में भेजने और राज्य के समग्र विकास के लिए ओडिशा में सरकार बनाने के लिए भाजपा को आशीर्वाद देने की अपील करता हूं।

राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। शाह ने कहा, ओडिशा खनिज समृद्ध राज्य है और फिर भी, सबसे अधिक गरीब लोग यहां रहते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार को अधिकारी चला रहे हैं। शाह ने दावा किया कि ओडिशा के लोग आयुष्मान भारत योजना से वंचित हैं क्योंकि मुख्यमंत्री सोचते हैं कि अगर इसे राज्य में लागू किया गया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकप्रिय हो जाएंगे।

## जज ने की अंतरराष्ट्रीय नम्बर से फोन कॉल आने की शिकायत

**बरेली (उप्र)/भाषा।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर का 2022 में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण कराने का आदेश पारित करने वाले न्यायाधीश ने उनके पास अंतरराष्ट्रीय नम्बर से फोन कॉल आने की शिकायत पुलिस से की है।

अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट- प्रथम) रवि कुमार दिवाकर ने दावा किया कि फोन कॉल नहीं उठाने के बावजूद उन्हें लगातार कॉल आ रहे हैं, जिससे उन्हें चिंता हो रही है। उन्होंने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्र और जिला जज को पूरी घटना की जानकारी दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्हें इस संबंध में पत्र मिला है और साइबर प्रकोष्ठ से मामले की जांच करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में न्यायाधीश दिवाकर ने कहा है कि 15 अप्रैल की रात पौने 10 बजे एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से पहली फोन कॉल आयी थी। अंतरराष्ट्रीय कॉल होने के कारण उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। इसके बाद भी यह सिलसिला नहीं रुका और उनके पास कॉल आना जारी रहा। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार अंतरराष्ट्रीय नंबर से उनके पास इसी तरह की कॉल आ चुकी हैं।

हाल ही में बरेली स्थानांतरित हुए दिवाकर ने कहा, ऐसी स्थिति में फोन नंबर के आधार पर कार्रवाई जरूरी है। जज दिवाकर सख्त फैसले देने के लिए जाने जाते हैं। बरेली में उन्होंने आठ अपराधियों को फांसी की सजा सुनाई थी। उन्होंने 2018 के बरेली दंगों के मामले में भी स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की थी और मास्टरमाइंड होने के आरोप में वरिष्ठ मौलवी मौलाना तौकीर रजा खां को तलब किया था। उन्हें शासन स्तर से सुरक्षा भी मिली है।

## ओडिशा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानतकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के विशिष्ट विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा, अभियान स्थल से दो माओवादियों के शव, हथियार, हथगोले और अन्य सामान बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों का यह अभियान बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मुताबिक मारे गए माओवादियों की पहचान सुनील और संतू के रूप में की गई है। दोनों माओवादियों की 8वीं कंपनी से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि सुनील छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था जबकि संतू राज्य के बीजापुर का रहने वाला था।

पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा, इस अभियान के दौरान वन क्षेत्र में लगभग 40 लाल विद्रोहियों ने एसओजी कर्मियों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। यह अभियान राज्य में ऐसे समय में चलाया गया है जब कुछ दिनों के बाद प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने हैं।




## 'दो शहजादे' तुष्टिकरण की राजनीति के लिए एक साथ आए हैं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शाहजहांपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए 'दो शहजादे' एक साथ आ गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर स्पष्ट रूप से हमला करते हुए मोदी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, क्या आप 'दो लड़कों' की फ्लॉप जोड़ी से विकास की उम्मीद कर सकते हैं।

मोदी ने यहां शाहजहांपुर और आसपास के लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, तुष्टीकरण की राजनीति 'दो शहजादे' के एक साथ आने का सबसे बड़ा कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। यह चुनाव... आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है, और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। इस बार आपका वोट... देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने वाला है। आपका वोट ही है जो आतंकवाद को काबू में रखेगा और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा... इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने केहा कि उनकी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता हैं।

## अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंसा, यातायात बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण भूस्खलन होने से हुनली से एनीनी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंस गया जिससे यातायात बाधित हो गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के बाद दिबांग घाटी जिले का संपर्क मुख्य क्षेत्र से टूट गया है।

अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने सड़क की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर करने के लिए श्रमिकों और पर्याप्त मशीनों को काम पर लगाया है। लोअर दिबांग घाटी में रोइंग को भारत-चीन सीमा से करीब 83 किलोमीटर दूर एनीनी से जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात भूस्खलन के कारण दिबांग घाटी जिला मुख्यालय- हुनली और एनीनी के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई जिससे सीमावर्ती जिले का मुख्य भूमि से संपर्क कट गया है। एनीनी के अतिरिक्त उपायुक्त धूर्बाज्योति बोरा ने कहा, यातायात बहाल होने में कुछ दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि बृहस्पतिवार की शाम तक सड़क से छोटे वाहन गुजर सकें। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हालात पर चिंता जताई है।

## पटना के होटल में भीषण आग, छह की मौत, दो की हालात गंभीर

**पटना/भाषा।** बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में बृहस्पतिवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। उन्होंने बताया दो अन्य व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। प्रकाशा ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलायी गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित उक्त बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन दस्ते द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आग पर काबू पा लिया गया है। हादसा स्थल पर अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर उपमहानिरीक्षक ने कहा, आग कैसे लगी, इस बारे में तत्काल पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारण की जानकारी मिल सकेगी।

## प्रधानमंत्री की बात आती है तो निर्वाचन आयोग 'अत्यधिक सावधान' हो जाता है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायत का निर्वाचन आयोग द्वारा 'कुछ देरी' से संज्ञान लिए जाने के परिप्रेक्ष्य में बृहस्पतिवार को कटाक्ष किया कि जब प्रधानमंत्री की बात आती है तो आयोग 'अत्यधिक सावधान' हो जाता है।

आयोग ने मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कुछ टिप्पणियों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा क्रमश: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस से जवाब तलब किए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर आयोग की ओर से कदम उठाने में कुछ देरी हुई है। प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों का पहली बार संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने विपक्षी दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर भाजपा से जवाब मांगा है। शिकायत के अनुसार, मोदी पर राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी व मानहानिजनक भाषण देने का आरोप है। आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत पर भी विपक्षी दल से जवाब तलब किया है।



## 'डायनासोर' की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखीमपुर खीरी/कानपुर देहात (उप्र)/भाषा।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस चल रही है, वह जल्द ही 'डायनासोर' की तरह विलुप्त हो जाएगी।

सिंह ने खीरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अजय कुमार मिश्रा और धौरहरा से पार्टी प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में लखीमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा, वे दिन करीब आ गए हैं जब ये पार्टियां अतीत की बात हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस जिस तरह चल रही है, एक दिन वह डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।

सिंह ने भारत में विरासत कर को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी की याद दिलाते हुए लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय परिवार मुखिया की मृत्यु के बाद अपनी संपत्ति का 55% हिस्सा नहीं छोड़ सकता। रक्षामंत्री ने अपने संबोधन के दौरान दावा किया कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ा है। सिंह ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने वादे पर काम करती है। उन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, तीन तलाक और नागरिकता कानून जैसे विभिन्न कदमों का जिक्र किया। सिंह ने कहा कि रामलला अब कुटिया से अपने शाही महल में चले गए हैं, जो दर्शाता है कि भारत में रामराज्य का आरम्भ हो चुका है। भारत-चीन सीमा पर सुरक्षा खतरे को नजरअंदाज करने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, चीनी घुसपैठ के डर से कांग्रेस सरकारें चीन सीमा पर सड़क निर्माण से बचती थीं। मोदी सरकार के शासन में आज सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है और जरूरत पड़ने पर सेना उचित जवाब देने के लिए तैयार है।



## लोग संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस को वोट करें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को लोगों का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र एवं संविधान बचाने तथा पार्टी के 'क्रांतिकारी' घोषणापत्र के लिए वोट करें। उन्होंने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया, यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) हैं जो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी तरफ कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन हैं जो संविधान और लोकतंत्र को बचा रहे हैं। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा, आप से बातचीत करके और आपके दिल के अंदर जो था, उसको सुनकर हमने क्रांतिकारी घोषणापत्र बनाया है। यह आपका घोषणापत्र है। कांग्रेस ने इसे बनाया है, लेकिन आवाज आपकी है।

## बंगाल के स्कूलों में नौकरियां समाप्त करने का फैसला गैर-न्यायोचित : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**केशियारी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 25,000 से अधिक स्कूली नौकरियों को निरस्त किए जाने को बृहस्पतिवार को 'पूरी तरह अन्याय' करार दिया और आरोप लगाया कि यह नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को मतदान ड्यूटी में तैनात करने से रोकने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश है।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इतने शिक्षकों को नौकरी से निकालने के बाद स्कूल कैसे काम कर सकते हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य-स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलटीएस) की भर्ती प्रक्रिया को निष्प्रभावी घोषित किया था और इसके माध्यम से की गई सभी भर्तियों को निरस्त करने का आदेश दिया था।

बनर्जी ने कहा, अगर किसी ने गलती की है तो उसे सुधारा जा सकता है, लेकिन 25,000 नौकरियां छीन लेना पूरी तरह अन्याय है। अगर इतने सारे शिक्षक नौकरी पर नहीं रहेंगे तो स्कूलों में कैसे काम होगा। उन्होंने कहा, यह भाजपा की साजिश है। मैं न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन जो कुछ हुआ वह पूरी तरह अन्याय है।

# इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में बुधवार को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर तीसरे नंबर पर भेजे गए अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली के तीन विकेट एक समय 44 रन पर गिर गए थे। बाद में उन्होंने एक विकेट भी लिया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा, एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

### केकेआर के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे शिखर धवन : सुनील जोशी



**कोलकाता/भाषा।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में नहीं खेल पाएंगे लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह एक मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में वापसी कर लेंगे। धवन ने अपना अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नौ अप्रैल को खेला था। तब से सैम करन कप्तानी की जिम्मेदारी उठा रहे हैं।

पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने कहा कि धवन चोट से उबर रहे हैं और उम्मीद है कि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज चेन्नई में अगले मैच में वापसी सकता है।

जोशी ने केकेआर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह फॉर्म में चल रहे थे और हमें वास्तव में उसकी कमी खल रही है। हमने उन्हें कल बल्लेबाजी करते हुए देखा। उन्होंने कहा, वह उबर रहे हैं। उम्मीद है कि वह अगले मैच के लिए फिट हो जाएंगे।

# आप ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में केजरीवाल की गिरफ्तारी को प्रमुख मुद्दा बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव-प्रचार अभियान के तहत एक गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' की शुरुआत की। पार्टी का यह गीत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर केंद्रित है।

आप विधायक दिलीप पांडे द्वारा लिखित और गाए गए इस गीत की शुरुआत यहां आप मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेताओं ने की। इस गीत का शीर्षक 'जेल का जवाब वोट से' है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इस गीत की शुरुआत के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से केजरीवाल की गिरफ्तारी पर देशवासियों में उपजे 'गुस्से' को वोट में बदलने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह इस मामले में सात मई तक न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिलीप पांडे ने कहा, हमारे चुनाव प्रचार गीत हमेशा लोगों के विचारों को प्रभावित करते हैं। यह गीत लोगों की भावना को दर्शाता है। गीत के बोल आज के समय में हो रही घटनाओं की हकीकत को बयां करते हैं। पांडे ने दावा किया कि यह चुनाव प्रचार अभियान गीत जनता की मूल भावना को दर्शाता है।

बेंगलूरु | शुक्रवार | 26-04-2024 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

'ज़िंदगी सिक्के के दो पहलू की तरह है, कभी सुख है तो कभी दुख है, जब सुख हो तो घमंड मत करना, और जब दुख हो तो थोड़ा इंतज़ार करना।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# घोर उपेक्षा

अमेरिकी संसद की एक शोध इकाई द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में यह दावा किया जाना कि 'भारत में इस साल लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है', अत्यंत हास्यास्पद है। सीएए भारतीय संविधान का उल्लंघन करता है या नहीं करता है, इसका फैसला करने के लिए हमारे देश में न्यायालय हैं। लिहाजा अमेरिका को इस मामले में किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। भारत ने इस संबंध में अमेरिका से कोई सलाह मांगी भी नहीं है। ऐसे में अमेरिकी संसद की इस कथित शोध इकाई की टिप्पणी कोई मायने नहीं रखती। इस इकाई के 'शोधकर्ता' यह क्यों भूल जाते हैं कि भारत में भारतीय संसद से बना कानून लागू होता है, न कि अमेरिकी संसद से बना कानून? 'कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस' (सीआरएस) की 'इन फोकस' रिपोर्ट ने यह दावा कर दिया कि सीएए के प्रमुख प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है, लेकिन इस रिपोर्ट के शोधकर्ता और लेखक उस समय कहां थे, जब पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे थे? वहां अब भी अत्याचार हो रहे हैं। क्या सीआरएस के शोधकर्ता ऐसी रिपोर्ट जारी करते हुए उक्त तीनों देशों की सरकारों को सलाह देने का साहस दिखाएंगे? पश्चिमी देशों के कथित थिंक टैंकों और शोध इकाइयों के साथ बड़ी समस्या यह है कि वे दूसरों को कोरे उपदेश देने में माहिर हैं। वे अपने देशों की सरकारों को ठोस सुझाव देकर उनका पालन करवाने में समर्थ नहीं हैं। अगर सीआरएस को लगता है कि भारत में सीएए लागू होने से कानून का उल्लंघन हो रहा है और यह समानता के सिद्धांतों के अनुकूल नहीं है तो उसे चाहिए कि वह अपने देश की सरकार को सुझाव दे कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के पीड़ित व प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए अपने दरवाजे खोल दे।

अगर सीआरएस कोरे उपदेश के बजाय सच में पीड़ितों के लिए सहानुभूति रखती है तो उसे ऐसा सुझाव देने में विलंब नहीं करना चाहिए। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा अफगानिस्तान, इराक, सीरिया आदि देशों में कई ड्रोन हमले करने के आदेश देने के बावजूद 'शांति पुरुष' कहलाए और नोबेल पुरस्कार भी पा गए। अगर मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के लिए दरवाजे खोलने में कामयाब हो गए तो सच्चे मायनों में 'शांति पुरुष' कहलाएंगे। हां, उस स्थिति में उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलने की संभावना कम होगी। अमेरिका उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को ही नागरिकता क्यों दे, चूंकि इस पर तो उसे आपत्ति है? उसे चाहिए कि वह पूरी दुनिया के शरणार्थियों के लिए अपने द्वार खोल दे। इससे अमेरिका के लिए मानवाधिकारों की रक्षा करने में आसानी होगी। साथ ही सीआरएस को ऐसी रिपोर्ट तैयार करवाने में संसाधन खर्च नहीं करने होंगे। उसके शोधकर्ताओं और लेखकों के समय व श्रम की बचत होगी। भारत में नागरिकता देने के नियम (तुलनात्मक रूप से) काफी सरल हैं। इस देश ने हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर प्रत्येक समुदाय के लोगों को नागरिकता दी है। जहां तक सीएए के तहत लोगों को नागरिकता देने का सवाल है तो उसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के 'संघर्ष' को थोड़ा कम करते हुए उन्हें कुछ राहत दी गई है। इससे पहले उन्हें वर्षों तक दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। उसके बावजूद नागरिकता को लेकर तस्वीर साफ नहीं होती थी। सीएए उन्हें राहत के साथ उम्मीद भी देगा। सीआरएस के शोधकर्ताओं को इस पहलू को ध्यान में रखना चाहिए था, जिसकी उन्होंने घोर उपेक्षा कर दी है।

## ट्वीटर टॉक



नागौर ज़िले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर इलाक़े में हुए सड़क हादसे में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक हैं। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें, मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है।

–ज्योति मिर्धा



भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर जी के असामयिक निधन से बहुत दुख हुआ है। उनका जाना पार्टी के लिए एक बड़ा नुकसान है। जमीनी स्तर पर अपने कार्यों के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके परिजनों को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

–नरेन्द्र मोदी



'माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री व 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को साकार करने हेतु लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान कर भाजपा को रिकार्ड मतों से विजयी बनाए।

–भजनलाल शर्मा

## प्रेरक प्रसंग

# अंतर्मन की शक्ति

भेड़ों के झुंड में मेमनों को खाने के प्रलोभन रूपी भ्रम और छीना-झपटी के चलते शेरनी का नवजात शावक उससे अलग हो भेड़ों के रेवड़ का हिस्सा हो गया। जिसका लालन-पालन गड़रिये ने भेड़ों के साथ किया। कालांतर शावक भी भेड़ों की तरह मिमयाने लगा। एक बार एक युवा शेर को भेड़ की तरह मिमयाता देख शेरनी को बेहद गुस्सा आया। वह युवा शेर को खींचकर एक तालाब के किनारे ले गई। वहां अपने व युवा शेर के चेहरों की छाया को पानी में दिखाते हुए शेरनी दहाड़ी। उसने युवा शेर पर गुर्राते हुए कहा तुम दहाड़ने के लिये पैदा हुए हो, मिमयाने के लिये नहीं। भारत की एक पारंपरिक लोककथा का पुनर्कथन करते हुए 'भयमुक्त जीवन' में परमहंस योगानन्द कहते हैं कि मनुष्य इस ब्रह्मांड के दिव्य-शेर यानी सर्वशक्तिमान के स्वरूप के अंश के रूप में रचा गया है। लेकिन देह चेतना की दुर्बलताओं में फंसे रहने के कारण रोग, अभाव, दु:ख आदि से जीवनभर ग्रस्त रहता है। हमें देह-नश्वरता के भ्रम व अज्ञान से मुक्त होकर अंतर्मन की शक्ति को पहचानना चाहिए।

## सामयिक

# सड़कों पर कैसे रुके अराजकता?

आर.के. सिन्हा



यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं। यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं ख उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं। अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।

बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है।

एक बात और कहने का मन कर रहा है ख जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता। लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है। सड़कों के किनारे जहाँ स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाये ही जा सकते हैं। कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है। आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है ख यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं।

जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं थे। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

## नजरिया

# दूरदर्शन के भगवा रंग से विपक्ष हुआ हलकान !

मनोज कुमार अग्रवाल
मोबाइल: 9219179431



सरकारी प्रसार भारती चैनल डीडी न्यूज ने अपने नए आधिकारिक लोगो का रंग बदल दिया है। अब डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर केसरिया कर दिया गया है।यह बदलाव क्या हुआ विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया देखते ही देखते आसमान सिर पर उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आप को बता दें कि कुछ लोगों को भगवा रंग पर इतना आपत्ति है कि अब इस लोगो की वजह से विवाद छिड़ गया है। विपक्षी दल इसकी खूब आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, चैनल ने सिर्फ एक बदलाव के लिए ऐसा किया लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा चुनावों से ठीक पहले बदलाव को लागू करने की आवश्यकता पर सवाल उठाए है।

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस पर एक्स हैंडल पर लिखा कि जब पूरे देश में राष्ट्रीय चुनाव हो रहे हैं, तो अचानक भगवाकरण और हमारे दूरदर्शन लोगो का रंग बदलने से मैं स्तब्ध हूं! यह बिल्कुल अनैतिक, पूरी तरह से अवैध है, और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक के भाजपा-समर्थक पूर्वाग्रह को जोर-शोर से बयां करता है! जब लोग चुनावी मोड में हैं तो भारत का चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के इस भद्दे, भगवा समर्थक उल्लंघन की अनुमति कैसे दे सकता है?! ईसीआई को इसे तुरंत रोकना चाहिए और दूरदर्शन के लोगो के मूल नीले रंग पर वापस जाने के लिए बदलाव को वापस लेना चाहिए ! मंगलवार शाम को, डीडी न्यूज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपने नए लोगो का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया कि हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। इसके तुरंत बाद, टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने लोगो बदलने की पर कहा कि राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है! इसके पूर्व सीईओ के रूप में, मैं इसके भगवाकरण को चिंता के साथ देख रहा हूं और महसूस कर रहा हूं यह अब प्रसार भारती नहीं है, यह प्रचार भारती है. जवाहर सरकार ने एक वीडियो जारी कर कहा- चुनाव से ठीक पहले प्रसार भारती के पूर्व ष्टश्वह्र के रूप में दूरदर्शन के लोगो का भगवाकरण देखकर दुख होता है। एक तटस्थ पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग अब पक्षपाती सरकार के साथ एक धर्म और संघ (आरएसएस) परिवार के रंग को शामिल करके मतदाताओं को प्रभावित करेगा।

वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। इस आलोचना पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगो में बदलाव आकर्षक रंग के लिए किया गया है। यह सब केवल एक बदलाव और चैनल की ब्रांडिंग के लिए किया गया है। शायद विपक्ष के नेता बखूबी जानते हैं कि केसरिया या भगवा रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। इसको सिर्फ एक धर्म से जोड़ कर देखना भी गलत है लेकिन इस देश में कुछ राजनीतिक दलों के लिए केसरिया रंग हमेशा से अछूत रहा है और इस के पीछे मुस्लिम तुष्टिकरण और राष्ट्रवादी हिन्दुत्व का दमन करने की मानसिकता जिम्मेदार है।

यूं तो भगवा रंग पवित्रता जीवंतता सक्रियता निश्छलता का प्रतीक है भारतीय संस्कृति का आधार है शिवाजी की सेना का ध्वज, राम, कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था। भगवा रंग शौर्य, बलिदान और वीरता का प्रतीक भी है। भगवा या केसरिया सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग भी है, मतलब हिन्दू की चिरंतन, सनातनी, पुनर्जन्म की धारणाओं को बताने वाला रंग है यह। जैसे हम सभी को पता है कि हिन्दू धर्म में सूर्य और अग्नि दोनों को पूजा जाता है। रौशनी और अग्नि बुराइयों को दूर करती है। केसरिया या पीला रंग सूर्य और अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है।भगवा रंग सिर्फ हिंदू धर्म में ही आस्था का प्रतीक नहीं है। इस रंग को कई अन्य धर्मों में भी पवित्र माना जाता है।

भगवा रंग का इस्तेमाल हिंदू के साथ ही बौद्ध धर्म और सिख धर्म में भी होता है। बौद्ध भिक्षु हमेशा भगवा कपड़ों में ही रहते हैं। सिख धर्म के अनुयायी भगवा पगड़ी को महत्व देते हैं, गुरु ग्रंथ साहेब को भी भगवा वस्त्र में रखा जाता है। सिख धर्म की ध्वजा निशान साहेब भी भगवा रंग की है। पूरे झंडे को भगवा कपड़ों में ही लपेटकर रखा जाता है। भगवा रंग का हिंदू धर्म या कहें कि सनातन धर्म का हिस्सा बनने की कहानी भी बहुत पुरानी है। भगवा वास्तव में ऊर्जा का प्रतीक है।

**छलता का प्रतीक है भारतीय संस्कृति का आधार है शिवाजी की सेना का ध्वज, राम, कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था। भगवा रंग शौर्य, बलिदान और वीरता का प्रतीक भी है। भगवा या केसरिया सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग भी है, मतलब हिन्दू की चिरंतन, सनातनी, पुनर्जन्म की धारणाओं को बताने वाला रंग है यह। जैसे हम सभी को पता है कि हिन्दू धर्म में सूर्य और अग्नि दोनों को पूजा जाता है। रौशनी और अग्नि बुराइयों को दूर करती है। केसरिया या पीला रंग सूर्य और अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है।भगवा रंग सिर्फ हिंदू धर्म में ही आस्था का प्रतीक नहीं है। इस रंग को कई अन्य धर्मों में भी पवित्र माना जाता है।**

जीवन और मोक्ष को भगवा के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह शब्द भगवान से निकला है। यानी भगवान को मानने वालों का भगवा रंग प्रतीक बन गया। अग्नि में आपको लाल, पीला और केसरिया रंग ही अधिक दिखाई देगा। हिन्दू धर्म में अग्नि का बहुत महत्व है। यज्ञ, दीपक और दाह-संस्कार अग्नि के ही कार्य हैं। अग्नि का संबंध पवित्र यज्ञों से भी है इसलिए भी केसरिया, पीला या नारंगी रंग हिन्दू परंपरा में बेहद शुभ माना गया है। कहा जाता है कि पुराने ज़माने में साधु संत जब मोक्ष की प्राप्ति के लिए निकला करते थे तब अपने साथ अग्नि को भी लेकर निकलते थे। यह अग्नि उनकी पवित्रता की निशानी बन जाती थी। पर हर समय अग्नि रखना कठिन था इसलिए अग्नि की जगह भगवा रंग के ध्वज को साधु संत लेकर चलने लगे फिर धीरे धीरे साधू संत केसरिया या कहें भगवा रंग के वस्त्र भी पहनने लगे।

भगवा रंग में भारतीय संस्कृति, हिंदू धर्म और जीवन पद्धति का संदेश छिपा हुआ है, जिसे प्राचीन काल में मनीषियों ने अर्जित ज्ञान के बल पर अपनाया था।हिंदू धर्म के मनीषियों का मानना है कि रंगों का मानव जीवन पर असर पड़ता है। इसे जानकर ही कुछ विशेष रंगों को विशेष कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू धर्म के मानने वाले भगवा, केसरिया और नारंगी तीनों रंगों के ध्वज का इस्तेमाल करते हैं।हालांकि गेरू और भगवा रंग एक ही है, हालांकि केसरिया रंग में थोड़ा अंतर है। केसरिया में थोड़ा लालपन का प्रभाव होता है और भगवा में पीलापन।

आप जानते हैं कि लाल, पीला और नीला ही प्रमुख रंग होते हैं, कोई रंग मद्धम पड़ता जाए तो सफेद हो जाएगा और गहरा होता जाए तो काला होता जाएगा, बाकी तीन प्रमुख रंगों के मिश्रण से हजारों रंगों का निर्माण होता है। ये जन्म, जीवन और मृत्यु की तरह हैं, जिसका हमारे दर्शन में बार-बार व्याख्या की गई है।इसके अलावा शास्त्रों में शरीर में सात चक्र की कल्पना की गई है, जो सात शरीर से जुड़े होते हैं, इनमें से तीन प्रमुख भौतिक, सूक्ष्म और कारण हैं। भौतिक में लाल रंग की अधिकता, सूक्ष्म सूर्य के पीले प्रकाश जैसा और कारण नीला रंग लिए हुए है। इसलिए इनके प्रतीक के रूप में ये हमारी ज्ञान पद्धति में आए हैं।

केसरिया भगवा रंग भारत की चिरंतन, सनातनी और पूर्वजन्म की अवधारणाओं को बताने वाली संस्कृति का परिचायक रंग है। इसलिए इसे हमारी संस्कृति के प्रतीक के रूप में हमारे विद्वानों मनीषियों ने अपनाया लेकिन विपक्ष को ऐतराज है। यह रंग हमारी संस्कृति और धर्म के शाश्वत होने का प्रतीक माना गया है।फिर इस रंग से विपक्ष को आपत्ति क्यों है? सिर्फ एक समुदाय विशेष के तुष्टिकरण के लिए देश का विपक्ष इस देश की संस्कृति से किनारा करने के लिए तैयार है यही वजह है कि देश ने विपक्षी दलों की 2019 के चुनावों में दुर्गति की थी लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं ने कोई सबक नहीं लिया और इस देश की मूल संस्कृति का पग-पग पर अपमान व बायकाट किया है जिसका परिणाम विपक्ष भुगत रहा है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नामांकन





करीमनगर में भाजपा के उम्मीदवार और राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, केंद्रीय पर्यटन मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

## अभिव्यक्ति की आजादी व जिम्मेदारी की भावना के बीच संतुलन जरूरी : भारत

नई दिल्ली/भाषा। भारत ने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि हर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी की भावना और सार्वजनिक सुरक्षा के बीच सही संतुलन होना चाहिए।गाजा में इजराइल के सैन्य हमले को लेकर कोलंबिया विश्वविद्यालय में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय में हुए प्रदर्शन के बाद हाल के दिनों में येल और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय सहित कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस मामले पर रिपोर्टों को देखा है और हम संबंधित घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

## पाक प्रधानमंत्री शहबाज से कारोबारियों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का किया आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के व्यापार जगत के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है। शरीफ के साथ एक संवाद सत्र में उन्होंने यह आग्रह किया, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। पाकिस्तान की वाणिज्यिक राजधानी में सिंध सीएम हाउस में बुधवार को एक घंटे की बैठक के दौरान कई बड़े सवाल उठे। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर उच्च ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियां के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। प्रधानमंत्री के संक्षिप्त भाषण के बाद सवाल-जवाब शुरू किए गए। इस दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने वांछित परिणाम हासिल करने के लिए आर्थिक नीतियों पर प्रस्ताव भी साझा किए। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल के निवासी (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना ) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया।

भारत ने पाकिस्तान को बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। प्रधानमंत्री शरीफ बैठक में राजनीतिक स्थिरता पर पूछे गए सवालों का सीधा जवाब देने से बचते रहे, लेकिन दावा किया कि उन्होंने आर्थिक वृद्धि के लिए उनके प्रस्तावों को संज्ञान में लिया है और उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही देशभर के व्यापारियों को इस्लामाबाद आमंत्रित करेंगे और जब तक सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते उनके साथ बातचीत करते रहेंगे।

## ईरान और श्रीलंका के बीच बेहतर संबंधों से हिंद महासागर क्षेत्र को फायदा होगा : रईसी

कोलंबो/भाषा। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि श्रीलंका के साथ बेहतर संबंधों से दोनों देशों और हिंद महासागर क्षेत्र को फायदा होगा।



ईरान फ्रंट पेज (आईएफपी) वेबसाइट की एक खबर के अनुसार रईसी ने बुधवार को यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। रईसी ने कहा कि ईरान श्रीलंका को अपने आर्थिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद करने के वास्ते प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

रईसी कोलंबो से लगभग 200 किलोमीटर दूर ईरान की तकनीकी सहायता से निर्मित उमा ओया बहुउद्देशीय विकास परियोजना का उदघाटन करने के लिए एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए थे। आईएफपी की खबर के अनुसार, ईरान और श्रीलंका के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर संबंधों से दोनों देशों और हिंद महासागर क्षेत्र को लाभ होगा। ईरान श्रीलंका को अपने आर्थिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद करने के वास्ते प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

खबर के अनुसार विक्रमसिंघे ने कहा कि श्रीलंका और ईरान हिंद महासागर से संबंधित मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त योजनाओं पर अधिक सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। इस बीच, श्रीलंकाई राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग के एक बयान में कहा गया है कि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर विचार-विमर्श करते हुए, श्रीलंका ने अपनी विशिष्ट पहचान के लिए 'ग्लोबल साउथ' की आकांक्षाओं पर जोर दिया।

'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अपनी विशिष्ट पहचान और स्वतंत्रता के लिए 'ग्लोबल साउथ' की साझा आकांक्षाओं को दर्शाते हुए इन देशों के बीच एकजुटता के महत्व पर जोर दिया।विक्रमसिंघे ने कहा, ईरान एक ऐसा देश है जहां तकनीकी विकास बहुत अधिक है। इसलिए हमें दोनों देशों के साझा उद्देश्यों पर काम करना चाहिए। हम सभी 'ग्लोबल साउथ' के देश हैं। ऐसे समय में जब 'ग्लोबल साउथ' के देश अपनी पहचान और स्वतंत्रता स्थापित कर रहे हैं तो ऐसी परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ में विकासशील देशों के रूप में, ईरान और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को लागू किया है। मैं ईरान और श्रीलंका के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हूं।

राष्ट्रपति रईसी ने इस बात पर जोर दिया कि यह परियोजना न केवल ईरान और श्रीलंका के बीच मित्रता का प्रतीक है, बल्कि एशियाई देशों के बीच सहयोग, सद्भाव और एकता को भी बढ़ाती है।

## रूस के उप रक्षा मंत्री से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में तीसरे व्यक्ति को हिरासत में लिया गया

मॉस्को। रूस के उप रक्षा मंत्री से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में तीसरे व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। मॉस्को की अदालत सेवा की ओर से जारी बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि कारोबारी अलेक्जेंडर फोमिन पर उप रक्षा मंत्री तिमुर इवानोव को रिश्वत देने का संदेह है, जिन्हें बुधवार को हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा इवानोव के सहयोगी सर्गेई बोरोडिन को भी हिरासत में लिया गया है। इन सभी लोगों को कम से कम 23 जून तक हिरासत में रहना होगा। अदालत के अधिकारियों ने बयान में कहा कि रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के सहयोगी इवानोव को रिश्वतखोरी के आरोप में जांच और मुकदमा लंबित रहने तक जेल भेजा गया है। वह सैन्य निर्माण परियोजनाओं के प्रभारी थे और रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की टीम द्वारा की गई भ्रष्टाचार विरोधी जांच के आधार पर उन पर विलासतापूर्ण जीवन शैली अपनाने का आरोप लगाया गया था।

मॉस्को की अदालत सेवा ने बताया कि फोमिन और बोरोडिन ने इवानोव को रिश्वत प्राप्त करने में सहयोग किया, यह ऐसा अपराध है जिसमें 15 साल तक जेल की सजा हो सकती है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के पूर्ण आक्रमण के बाद इवानोव (48) पर अमेरिका और यूरोपीय संघ, दोनों की तरफ से वर्ष 2022 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। बयान में कहा गया है कि जांचकर्ताओं ने न्यायाधीश को बताया कि इवानोव ने तीसरे पक्ष के साथ मिलकर षड्यंत्र किया और रक्षा मंत्रालय से जुड़े कार्यों के लिए ठेके देने के दौरान रिश्वत लिया।




## पुलवामा, बालाकोट के अनकहे पहलुओं को उजागर करेंगी 'रणनीति - बालाकोट एंड बियॉन्ड'

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर आशीष विद्यार्थी अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'रणनीति : बालाकोट एंड बियॉन्ड' की रिलीज को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वेब सीरीज का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। एक्टर ने कहा कि सीरीज 'रणनीति' पुलवामा और बालाकोट में हुई घटनाओं के कई पहलुओं को उजागर करेगी, जिनके बारे में बहुत से लोग नहीं जानते हैं। सीरीज में अपनी भूमिका को लेकर एक्टर ने कहा कि वह उन लोगों की कहानियों को प्रकाश में लाता है जो लोगों की नजरों में नहीं आते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आशीष विद्यार्थी ने कहा, ''शो 'रणनीति' में काम करना सम्मान की बात थी। मेरे किरदार का दिलचस्प हिस्सा उसका विवरण है। यह पर्दे के पीछे होने वाली घटनाओं के बारे में है। जब मैं इस सीरीज की शूटिंग कर रहा था तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए और इस सीरीज को संभव बनाने के लिए मैं वास्तव में पूरी टीम का आभारी हूं।''

'रणनीति : बालाकोट एंड बियॉन्ड' में जिमी शेरगिल, लारा दत्ता, आशुतोष राणा और प्रसन्ना भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज राजनीति, शक्ति और महत्वाकांक्षा के एक जटिल जाल के माध्यम से यात्रा करते हुए एक दिलचस्प कहानी गढ़ती है। यह 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद की कहानी है।उन्होंने कहा कि 'रणनीति' में हमने दिखाया है कि मैदान में क्या कार्रवाई हुई और वास्तव में क्या हुआ।

ऐसी कई चीजें हैं जो जनता को नहीं पता है, इसलिए इस सीरीज में आपको बहुत सारी जानकारी देखने को मिलेगी। यह प्रोजेक्ट उन लोगों को दिखाती है जिन्होंने पर्दे के पीछे से काम किया और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।''यह सीरीज 25 अप्रैल से जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

महादेव सट्टेबाजी घोटाला

## अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र पुलिस ने किया तलब

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने करोड़ों रुपये के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की चल रही जांच में पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि तमन्ना भाटिया ने कथित तौर पर महादेव के ग्रुप ऐप में से एक, फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल देखने के लिए प्रचार किया था। एक्ट्रेस को अपना बयान दर्ज करने के लिए सोमवार, 29 अप्रैल को साइबर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। कई अंतरराज्यीय और केंद्रीय एजेंसियां भी महादेव ऐप घोटाले की जांच कर रही हैं, जो अनुमानित 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बताया जा रहा है। 2021 में घोटाला सामने आने के बाद मनोरंजन जगत की कई हस्तियों, बिजनेसमैन और राजनीतिक संरक्षण वाले अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। इस मामले में पूरे भारत में छह दर्जन से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं और जैसे ही मनी-लॉन्ड्रिंग का पहलू सामने आया, प्रवर्तन निदेशालय भी जांच में कूद गया।

## 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' की शोभा बढ़ाएंगी जूही चावला

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जूही चावला सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे',मे शिरकत करेंगी। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे', जूही चावला का स्वागत करेगा। कुशाल बद्रीके, हेमांगी कवि और कावेरी प्रियम साथ मिलकर 'साइको बाइको' सीरीज़ के नए गुदगुदाने वाले नाटक को पेश करेंगे।गौरव मोरे अपने अंदर के शाहरुख खान को दिखाते नज़र आएंगे, जबकि सुगंधा मिश्रा चुलबुली 'यूही चावला' की भूमिका निभाएंगी। गौरव दुबे क्लासिक थ्रिलर 'डर' के एक मस्तीभरे स्पूफ में सनी देओल की भूमिका निभाएंगे।इसके अलावा, गौरव मोरे फिल्म 'डर' के प्रसिद्ध गाने 'जादू तेरी नज़र' पर परफॉर्मेंस से जूही चावला को सरप्राइज़ देंगे, उन्हें अपने साथ डांस के लिए आमंत्रित करेंगे और उन्हें गुलाब का फूल देंगे।

कॉमेडियन गौरव मोरे ने कहा,हम बहुत खुश हैं कि जूही चावला जी हमारे शो का हिस्सा बनी! यह सुनिश्चित करने के लिए कि मेरा एक्ट परफेक्ट हो, मैंने फिल्म 'डर' कई बार देखी जिससे मैं इस किरदार की शैली और भाव को अच्छे से समझ सकूं। जूही चावला जी ने न केवल हमारे परफॉर्मेंस का आनंद लिया, बल्कि 'जादू तेरी नज़र' पर डांस करने के लिए मेरे साथ शामिल भी हुईं। मैं इस पल को कभी नहीं भूलुंगा! गौरव और सुगंधा के साथ काम करना धमाकेदार अनुभव था। पर्दे के पीछे की हमारी मस्ती स्क्रीन पर दिखने वाले तालमेल में स्पष्ट होती है।

हमारा गैग न केवल एक कल्ट थ्रिलर को हास्यपूर्ण ट्विस्ट देता है, बल्कि 'डर' के शाश्वत आकर्षण को सम्मानित भी करता है। 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' इस शनिवार, रात 9:30 बजे,सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होगा।

## करिश्मा और माधुरी के बीच होगा डांस मुकाबला

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने और करिश्मा कपूर रियलिटी शो 'डांस दीवाने' के स्टेज पर 1997 की आइकोनिक फिल्म 'दिल तो पागल है' के म्यूजिकल 'डांस ऑफ एनवी' पर थिरकती नजर आएंगी। करिश्मा 'डांस दीवाने' शो के अपकमिंग एपिसोड में बतौर स्पेशल गेस्ट नजर आएंगी। वह सुनील शेट्टी के साथ कुछ मस्ती करेंगी, बता दें कि दोनों ने 'रक्षक' में साथ में काम किया था, वहीं 'दिल तो पागल है' की को-स्टार माधुरी दीक्षित नेने संग डांस करती दिखेंगी। चैनल ने इंस्टाग्राम पर शो का एक प्रोमो शेयर किया है, जिसमें दोनों एक्ट्रेस फिल्म के फेस-ऑफ डांस को फिर से करती दिखेंगी। इसे 'डांस ऑफ एनवी' कहा जाता है। शो में स्टेज पर दोनों ने अपने डांस से धमाल मचा दिया।

सुनील ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और दोनों की तारीफ करते हुए कहा, ''तब भी आप लोगों के लिए दिल पागल था और आज भी दिल पागल है। हमारे इंडस्ट्री और देश की शानदार डांसिंग स्टार्स। यह म्यूजिकल यश चोपड़ा की 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिल तो पागल है' से है। फिल्म में दोनों एक्ट्रेस को बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के अपोजिट कास्ट किया गया था।





## अमिताभ बच्चन एवं ए.आर.रहमान को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महनायक अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगेशकर परिवार ने लता मंगेशकर की याद में वर्ष 2022 में लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत की थी।लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार हर साल ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, इसके लोगों और समाज के लिए अग्रणी योगदान दिया हो। सबसे पहले यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया था। इसके बाद 2023 में यह सम्मान लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले को दिया गया। अमिताभ बच्चन को यह सम्मान लता मंगेशकर के पिता एवं संगीत जगत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर 24 अप्रैल को दिया गया।अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पिता और जाने-माने कवि हरिवंश राय बच्चन, लता मंगेशकर की आवाज की तुलना 'शहद की धार' से करते थे।मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे यह पुरस्कार मिला। मैंने कभी भी खुद को इस तरह के काबिल नहीं समझता, लेकिन हृदयनाथ जी ने बहुत कोशिश की जिससे मैं यहां आ सकूं। उन्होंने मुझे पिछले साल भी इस समारोह के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन मैं नहीं आ पाया था।

बॉलीवुड के जानेमाने संगीतकार ए.आर.रहमान ऑस्कर अवार्ड सम्मानित ए.आर.रहमान को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगेशकर परिवार ने लता मंगेशकर की याद में वर्ष 2022 में लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत की थी।लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार हर साल ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, इसके लोगों और समाज के लिए अग्रणी योगदान दिया हो। सबसे पहले यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया था।

इसके बाद 2023 में यह सम्मान लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले को दिया गया। ए.आर.रहमान को यह सम्मान लता मंगेशकर के पिता एवं संगीत जगत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर 24 अप्रैल को दिया गया। एआर रहमान ने सोश्ल मीडिया पर स्मृति चिन्ह के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा, ' दीनानाथमंगेशकर पुरस्कार पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं... मैं मंगेशकर परिवार की विरासत और कला के प्रति उनके समर्पण की सराहना करता हूं! लतामंगेशकर हृदयनाथमंगेशकर आशाभोसले। ए.आर. रहमान ने बताया कि वह अपने परिवार और बच्चों को मंगेशकर परिवार को देखने के लिए कहते हैं। उस परिवार के समर्पण को, लता, आशा और हृदयनाथ के समर्पण को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें हृदयनाथ की हर चीज़ पसंद है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ के तत्वावधान में बालक-बालिकाओं के लिए 10 दिवसीय संस्कार शिविर गुरुवार को शहर के 17 धार्मिक स्थानों पर हुआ जिसमें 985 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 109 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नज़रबाद स्थित समता भवन में आचार्यश्री रामेश के सुवर्ण दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 109 लोग लाभान्वित हुए।

संघ के उपाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, कोषाध्यक्ष श्यामलाल गन्ना, पूर्व युवा अध्यक्ष जसवंत गन्ना, नवल कोठारी, कांतिलाल डागा, महिला मंडल अध्यक्षा उमा गन्ना, महत्तम स्थानीय प्रमुख लीला गन्ना, युवा संघ अध्यक्ष दिलीप नंदावत,मंत्री रितेश भंसाली आदि ने शिविर में व्यवस्था संभाली।



## राम उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



राम उत्सव : बेंगलूरु के विजयनगर स्थित मारुति मेडिकल्स द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में राम उत्सव का आयोजन किया जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जयकारें लगाए गए। इस अवसर पर छाछ, पानका वितरण एवं अन्न वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र मुणोत, उत्तमचंद कोठारी, सिद्धार्थ बोहरा, किरण कोठारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## बाल शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के हनुमंतनगर स्थानक में कर्नाटक स्वाध्याय संघ द्वारा आयोजित धार्मिक बाल शिक्षण संस्कार शिविर का आयोजन किया जिसमें वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवम नवयुवक मण्डल के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। मंत्री सुरेश धोका ने शिविर में उपस्थित बच्चों को ग्रीष्मावकाश की छुट्टियों का सदुपयोग बाल संस्कार शिविर में भाग लेने पर उनका उत्साहवर्धन किया।



# शाश्वत ओली का पारणा संपन्न, आराधकों का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। मंजनकारा स्थित श्री साँचा सुमतिनाथजी राजेन्द्रसुरी जैन श्वेतांबर ट्रस्ट के तत्वावधान में चैत्र मास नवपद ओली का महोत्सव साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म.सा की निश्रा में चैत्र मास ओलीजी का पारणा संपन्न हुआ।

श्री संघ प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि ओलिजी की आराधना में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र और सम्यक तप जैसे नौ सर्वोच्च पदों को नमन करके नौ दिनों तक आयंबिल तप का पालन करते हुए मनाया गया।

अंतिम दिन तपस्वियों का आयंबिल का पारणा संपन्न हुआ। इस वर्ष श्री साँचा सुमतिनाथ जैन संघ की आज्ञा से चैत्र मास नवपद ओली का सम्पूर्ण लाभ ऊनड़ी निवासी देवीचन्द वस्तीमल पालगोता चौहान परिवार ने लिया पारणा महोत्सव श्री संघ द्वारा लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया। इस मौके पर संघ के ट्रस्टी मीठालाल संखलेचा, शिवराज भंडारी, कांतिलाल मुथा, सायरमल, रतनचंद संखलेचा, विजयराज गुलेच्छा, उम्मेदमल, मांगीलाल सहित श्री संघ के गणमान्य सदस्यगण मौजूद रहे। नवपद ओली की संपूर्ण व्यवस्था महावीर जैन सेवा मंडल, महिला मंडल, बालिका मंडल ने की।

# व्हाट्सएप के जरिये दाखिल और सूचीबद्ध मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय : चंद्रचूड़

नई दिल्ली/भाषा। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। इसमें बहुत असरकारक होने की क्षमता है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।

# जीतो नार्थ महिलाओं ने मतदान जागरुकता अभियान शुरु किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नार्थ चैप्टर की लेडीज विंग द्वारा लोकसभा मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'आपका लेंस–आपकी आवाज़–आपका वोट' ऑनलाइन फोटो कैम्पेन शुरु किया, जिसमें लोकतंत्र के सार को समझ कर मतदान का महत्व को दिखाया गया है। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने मतदान के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान एक मौलिक अधिकार और जिम्मेदारी है। आपका वोट आपके समुदाय और देश के भविष्य को आकार देता है। आज का तकनीकी दौर है और सोशल मीडिया सबको बहुत प्रभावित करता है इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुए फोटोग्राफी के माध्यम से लोकतंत्र के मतदान को बढ़ावा देने में यह अभियान शुरु किया है।

इस अभियान में नार्थ चैप्टर के सहमंत्री एवं संयोजिका भाविका कोठारी का विशेष सहयोग मिला। पदाधिकारी उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना, रेशम पुनमिया, सहमंत्री पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया विशेष रूप से सहयोगी बने। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने सभी को धन्यवाद दिया एवं सभी को मतदान केंद्र जाकर मतदान करने की प्रेरणा दी।

# भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग को गति देने के लिए तत्पर : विक्रमसिंघे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलंबो/भाषा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर विचार कर रहा है। इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा। भारतीय कंपनी आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के यहां उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि एक उभरते हुए आर्थिक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति और एक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक–दूसरे के पूरक होंगे।

विक्रमसिंघे ने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह (आईटीसी रत्नादीपा) श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ाने में मदद करेगा, खासकर भारत से... यह उस बयान के अनुरूप है जिस पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और मैंने पिछले साल हस्ताक्षर किए थे ....'' दोनों देशों को अधिक सहयोग से होने वाले लाभ उन्होंने कहा, भारत अब उभरते आर्थिक दिग्गजों में से एक है और हम (श्रीलंका) लॉजिस्टिक्स के मामले में भारत के बाद एक महत्वपूर्ण स्थान पर हैं। पर्यटन क्षेत्र पर खासतौर पर विक्रमसिंघे ने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई वर्षों तक, श्रीलंका छुट्टियां बिताने के लिए उपयुक्त स्थान रहेगा। आने वाले समय में बेंगलूरु, चेन्नई या हैदराबाद में किसी व्यक्ति के लिए विमान के जरिए यहां आना भारत के उत्तरी हिस्से में जाने से अधिक आसान होगा।

आईटीसी का नया होटल किसी भी भारतीय कंपनी द्वारा श्रीलंकाई आतिथ्य क्षेत्र में सबसे बड़े निवेश (करीब 3,000 करोड़ रुपए) में से एक है। इसका जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह दुनिया के अन्य हिस्सों से कई अन्य होटल, कई अन्य कंपनियों को यहां आने और निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



# इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के खाने में मिलाया गया 'टायलेट क्लीनर'

इस्लामाबाद/भाषा। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके इफ्तार वाले भोजन में 'टायलेट क्लीनर' की दो से तीन बूंदे मिलाई गईं। उन्होंने दावा किया कि क्लीनर कथित तौर पर 24 फरवरी को शब–ए–बारात के दौरान दिए गए भोजन में मिलाया गया। जियो न्यूज ने बुशरा बीबी की प्रवक्ता मशाल युसूफजई के हवाले से कहा, हमने पाया कि बुशरा बीबी के इफ्तार वाले भोजन में दो से तीन बूंदे 'टायलेट क्लीनर' की मिलाई गई थीं।उन्होने दावा किया कि उस दिन के खाने के बाद बुशरा की तबीयत खराब हो गई और हर रोज उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है।

प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले उन्हें रक्तचाप और मधुमेह सहित कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, गिरफ्तारी के बाद से बुशरा बीबी की सेहत खराब हो रही हैं, कुछ तो उनके साथ हुआ है।

बुशरा और इमरान खान की शादी को फरवरी में 'गैर इस्लामिक निकाह' घोषित किए जाने के बाद से वह दो अलग–अलग मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद से गाला के अपने मकान में कैद हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की सलाहकार यूसुफजई ने सवाल किया कि जब अदालत तीन सप्ताह से अधिकारियों को निर्देश दे रही थी कि बुशरा की चिकित्सा जांच कराई जाए तो उसने ऐसा क्यों नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुशरा बीबी को इमरान खान की पत्नी होने की वजह से निशाना बनाया जा रहा है।



# स्वाध्याय संघ का बाल शिक्षण शिविर आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ के तत्वावधान में बालक–बालिकाओं के लिए 10 दिवसीय संस्कार शिविर गुरुवार को शहर के 17 धार्मिक स्थानों पर हुआ जिसमें 985 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हनुमंतनगर में 108, श्रीरामपुरम में 55, यशवंतपुर में 38, विजयनगर में 93, राजाजीनगर में 94,जयनगर में 35, शांतिनगर में 43, मल्लेश्वरम में 21, त्यागराजनगर में 40, शूले में 35, पार्क वेस्ट में 40, फ्रेजर टाउन में 78, चामराजपेट में 60, ईटा गार्डन में 52, अलसूर में 90, अक्कीपेट में 72, शोभा अपाटमेंट में 31 शिविरार्थियों ने भाग लिया। शिविर में जैन धर्म, दर्शन व जीवन निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी केन्द्रों पर संघ द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। शिविर में 106 अध्यापक अपनी सेवा दे रहे हैं।

वरिष्ठ स्वाध्यायी व पदाधिकारीगण निरीक्षण तथा प्रोत्साहन देने की भूमिका अदा कर रहे हैं। मंत्री मीठालाल पटवा, कोषाध्यक्ष पन्नालाल कोठारी, संयोजक शांतिलाल बोहरा, पाठशाला चेयरमैन दिनेश खींचा, शिविर सहचेयरमैन भरत सांखला ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

# शाकम्बरी माता के मंगलपाठ में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजराजेश्वरीनगर स्थित शिवकुमार संतोष टेकड़ीवाल परिवार के निवास पर शाकम्बरी माता का मंगलपाठ व कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें टेकड़ीवाल परिवार ने माता का विधिवत पूजन कर ज्योत प्रज्वलित की।

पंडित मृत्युंजय कटारे एवं अलका खेड़वाल द्वारा संगीतमय मंगलपाठ का वाचन किया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र स्वामी, अनूप अग्रवाल, हरिकिशन सारडा, किशन बगड़िया, श्याम बगड़िया, बन्दना तुलस्यान, संजय चौधरी ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चुनड़ी उत्सव, मेहँदी उत्सव, 56 भोग, सवामणी, प्रसाद अर्पण का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में माता के भक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।



दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत का जन–जागरण प्रयास

लोकसभा चुनाव मतदान – 26 अप्रैल व 7 मई


मतदान केन्द्र जाएं और वोट करें

अगर आपके उंगली पर स्याही का निशान नहीं है, तो फिर आपको किसी के ऊपर अंगुली उठाने का अधिकार भी नहीं है। वोट देना हम सभी का अधिकार है। आपका मत ही देश को एक नई सोच, नई दिशा, नई ऊर्जा देता है व देश को आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। सभी से निवेदन है कि मतदान के दिन अर्थात बेंगलूरु में आज शुक्रवार को मतदान का पवित्र पर्व है जिसमें हम भी वयस्क उम्मीदवारों को समय से मतदान केन्द्र जाकर वोट करना है और दूसरों को प्रेरित भी करना है। हम देश सुरक्षा के लिए बार्डर पर नहीं जा सकते पर कम से कम मतदान केन्द्र पर जाकर राष्ट्रहित के लिए वोट तो कर ही सकते हैं ।

देव कोठारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बेंगलूरु


विकास के मुद्दे पर करें वोट

लोकतंत्र को मजबूत करना और जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। आगामी पांच वर्ष के लिए हमें अपने वोट के माध्यम से सही सरकार का चयन करना है। देश के तेजी से विकास के लिए एवं सही सरकार, सही जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान जरूरी है। चुनावों में हर उम्मीदवार को अपना वोट पिछले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों पर मांगना चाहिए और हम मतदाताओं को भी ऐसे उम्मीदवारों को चुनना चाहिए जो देशहित व नागरिकहित में कार्य करें। धर्म के नाम पर वोट मांगना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है।

खेताराम देवासी, व्यवसायी, बेंगलूरु


मतदान है हमारा फर्ज

मत के बिना देश का उचित विकास नहीं होगा। मतदान करने का अर्थ सीधे तौर पर देश के विकास में सहभागी बनना है। हम सही उम्मीदवार को मत देंगे तभी तो अच्छी पार्टी व अच्छे उम्मीदवार का चयन होगा जो देश की उन्नति में अपना योगदान कर सकेगा। मत देकर अच्छी पार्टी को चुनना हमारे हाथ में है। हमारा एक मत देश के काम आए ऐसी भावना के साथ हमें सुबह सुबह ही मतदान के लिए निकल जाना चाहिए और सबसे पहले अपने मत के फर्ज को पूरा करना चाहिए।

सतीश मित्तल,समाजसेवी, बेंगलूरु


संकल्प करें कि हर एक वोट जरूरी है

लोकतंत्र में हर एक वोट की अहमियत होती है। हर पांच साल में लोकसभा चुनाव आते हैं और हमें एक बार फिर सही सरकार चुनने का मौका मिलता है। हमारे एक वोट में देश को विकसित करने व सुरक्षित करने की ताकत है। एक वोट के कारण सही सरकार व उम्मीदवार चुनकर सरकार में आ जाता है और देश में विकास की लहर चल पड़ती है तो कई बार एक वोट के कारण गलत लोग सत्ता में बैठ जाते हैं और देश गलत हाथों में चला जाता है। सबसे निवेदन है कि समय से घर से बाहर निकलें और सही नेतृत्व के लिए वोट अवश्य करें।

दिनेश गुलेच्छा,बिल्डर, बेंगलूरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
लोकतंत्र का सम्मान – अवश्य करें मतदान


ज्यादा वोटिंग होगी तो विकास की गंगा बहेगी

हमारे देश के संविधान ने हमें वोट देने का अधिकार दिया है। वोट देंगे तो अच्छे और योग्य व्यक्ति चुनकर सरकार में आएंगे और देश को जिस ओर बढ़ना चाहिए उस ओर बढ़ चलेगा। हमारा वोट ही देश को गति देगा। हर एक वोट में ताकत होती है। ज्यादा वोटिंग होगी तो अच्छे से अच्छे उम्मीदवार चुनकर संसद में आएंगे और देश के लिए अच्छी नीतियां बनाएंगे। वोट हमें अपने लिए विकास की गंगा बहाने का मौका देता है। मतदान से ही हमारे देश में उन्नति व विकास की बयार बहेगी इसलिए वोट अवश्य करें।

जे.के. प्रसाद,ज्वेलर्स, बेंगलूरु


पहले मतदान फिर जलपान

लोकतंत्र के पर्व में बेंगलूरु में आज शुक्रवार को हमें एक बार फिर मौका मिल रहा है कि हम अपने समाज व देश के विकास के लिए वोट करें, ऐसी पार्टी के पक्ष में मतदान करें जो देश की बात करती हो, जो देश के हित के बारे में सोचती हो। मतदान ही हमें विकास की राह पर अग्रसर कर सकता है। सभी मतदाताओं से निवेदन है कि सबसे पहले मतदान करें और फिर जलपान की सोचें। यदि हम मतदान के लिए किसी कारण से नहीं निकले तो हमें बाद में पछताना होगा जिसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम सभी को एक अभियान के तहत अपने परिचितों को भी मतदान केन्द्र तक लेकर जाना होगा और वोट कराना होगा ।

गौतमचन्द मुथा, व्यापारी, बेंगलूरु


मजबूत जनादेश के लिए करें वोट

लोकतंत्र जिसे पाने के लिए भारत ने जो संघर्ष किया उसका साक्षी है इतिहास। गत दो लोकसभा चुनाव ने इस बात की पुष्टि करा दी है कि जनता यदि अपने मतदान के लोकतान्त्रिक अधिकार का सही प्रयोग कर एक दूरदृष्टि वाली मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देती है तो उसका परिणाम सुखद होता है। आज भारत ने हर क्षेत्र में उपलब्धि पाई है, साथ ही विश्व पटल पर एक गुरु की पदवी हासिल कर ली है। ऐसा सम्भव हो सका है एक मजबूत जनादेश वाली सरकार के कारण और जनादेश आता है जब हम अपने मताधिकार का उपयोग करते हैं। आपसे निवेदन है कि यथा संभव अपने मताधिकार का उपयोग कर एक कुशल, सक्षम सरकार के गठन में अपना योगदान दें।

सुमित बाजोरिया, प्रोफेशनल, बेंगलूरु


वोट देने से वंचित न रह जाएं

आज कर्नाटक के बेंगलूरु क्षेत्र में लोकतंत्र का पर्व अर्थात मतदान का दिन है। मतदान जहां एक ओर हमारा कर्त्तव्य है तो दूसरी ओर हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। हम सभी को चाहिए कि मतदान के दिन हर हाल में अच्छे व योग्य उम्मीदवार को वोट कर उसे सरकार बनाने में सहायक बनाएं। अच्छे व योग्य उम्मीदवारों का समूह ही हमें अच्छे भारत की तस्वीर दिखा सकता है। हमारा एक वोट देश को अच्छे हाथों में सौंप सकता है और देश हित में अच्छा कार्य हो सकता है। हम सबसे पहले अपने अपने मतदान केन्द्र पर वोट करने के लिए निकलें और वोट करें।

नरेश सुराणा, व्यापारी, बेंगलूरु

– जनहित में जारी

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com